www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 फैसला मालेगांव ब्लास्ट ही नहीं, 'भगवा आतंकवाद' वाली राजनीति पर भी आया है
पहले तवे से वार फिर गला रेतकर पत्नी की हत्या 04

वर्ष :09 | अंक :41 | मुंबई , शुक्रवार , 01 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### घर में पंखे से लटका मिला पुलिस कांस्टेबल का शव

बिहार के पटना स्थित अपने आवास में एक पुलिस कांस्टेबल का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उप-मंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कानून व्यवस्था-1 (पटना) कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को बुद्ध कॉलोनी स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एसडीपीओ ने कहा, हमें सूचना मिली है कि सिंह ने पुलिस लाइन इलाके में अपने घर के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। एक टीम मौके पर पहुंची और उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पड़ोसियों के अनुसार, सिंह अपने परिवार के साथ रह रहे थे लेकिन घटना के समय वह अपने घर पर अकेले थे क्योंकि उनकी पत्नी मंगलवार को अपने माता-पिता के घर गई हुई थीं। एसडीपीओ ने बताया कि घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं और मौजूदा मानदंडों के अनुसार अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

### विवाद में युवक की हत्या, तीन लोग गिरफ्तार एक नाबालिग भी पकड़ा गया

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में मोमो विक्रेता से विवाद के बाद 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में एक किशोर को पड़ा गया है तथा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात एक जन्मदिन समारोह के दौरान युवक विकास वालेचा (एक कंपनी में सेल्स मैनेजर) ने अपने दोस्तों को मोमो विक्रेता सलमान के साथ हुई हालिया बहस के बारे में बताया, फिर उन्होंने उससे भिड़ने का फैसला किया। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया ने कहा, रात करीब 10.30 बजे, वे तीन गाड़ियों में गाजीपुर में सीएनजी पंप के पास पेपर मार्केट गए। उन्होंने शराब की एक दुकान के पास सलमान को देखा और उससे भिड़ गए। सलमान ने इस दौरान अपने साथियों को बुला लिया और झड़प के बीच वालेचा को चाकू मार दिया गया, जबकि उसके दोस्त सुमित शर्मा का पैर टूट गया। विकास और सुमित दोनों नोएडा के सेक्टर 5 स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। डीसीपी ने कहा, फरीदाबाद के एनआईटी सेक्टर 5 निवासी विकास को एलबीएस अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया जबकि शर्मा का इलाज जारी है।

# 2008 मालेगांव ब्लास्ट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

## एनआईए कोर्ट का बड़ा फैसला, महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत के मामला

**बड़ा फैसला**

▸▸विशेष एनआईए अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बरी किया। 2भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सात आरोपी अदालत में उपस्थित हुए थे।

एजेंसी



महाराष्ट्र । विशेष एनआईए अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बरी किया। 2भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सात आरोपी अदालत में उपस्थित हुए थे। विशेष एनआईए अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में नाकाम रहा, आरोपी संदेह का लाभ पाने के हकदार। यह घटना महाराष्ट्र के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मालेगांव शहर में हुए एक शक्तिशाली विस्फोट के लगभग 17 साल बाद हुई है, जिसमें छह लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हो गए थे। भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि अदालत द्वारा बरी किया जाना न केवल उनकी, बल्कि हर भगवा की जीत है। प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपी, जिन पर गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के तहत अपराधों के लिए मुकदमा चल रहा था, अदालत में मौजूद थे। मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी इस मामले के अन्य आरोपी थे। इस मामले की जाँच करने वाली राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने आरोपियों के लिए उचित सजा की माँग की थी। यह विस्फोट 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव के एक मुस्लिम बहुल इलाके के एक चौक पर हुआ था। यह रमजान का महीना था, जब मुस्लिम समुदाय रोजा रखता है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह संदेह था कि विस्फोट के पीछे के लोगों ने सांप्रदायिक दरार पैदा करने के लिए, हिंदू नवरात्रि उत्सव से ठीक पहले, मुस्लिम पवित्र महीने का समय चुना था। स्थानीय पुलिस से जाँच महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को सौंप दी गई।

### फैसले की चुनौती देंगे पीड़ित परिवार, सुप्रीम कोर्ट में लगाएंगे न्याय की गुहार



मुंबई: पिछले 17 साल से इंसाफ की प्रतीक्षा कर रहे 'मालेगांव बम विस्फोट मामले' के पीड़ित परिवारों ने अदालत द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय चाहिए और इसके लिए वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाएंगे. बता दें कि मालेगांव के बड़ा कब्रिस्तान में हुए बम विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित और सात अन्य को अपराधी मानकर गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद यह मामला 17 साल तक चलता रहा और गुरुवार को कोर्ट ने मामले के सात आरोपियों को बरी कर दिया. हिंदूवादी संगठनों ने जश्न मनाया विशेष अदालत ने आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया.

### मालेगांव विस्फोट के आरोपियों के बरी होने पर भड़के ओवैसी

**सरकार पर साधा निशाना, कहा– आतंकवाद के आरोपी को सांसद बनाया**

नई दिल्ली: ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर निराशा व्यक्त की. उन्होंने इसे जानबूझकर की गई घटिया जांच और प्रॉसिक्यूशन का नतीजा करार दिया.



# ट्रंप ने बिल्कुल सही कहा है... भारत एक डेड इकोनॉमी है

## बोले राहुल गांधी- प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को छोड़कर यह सबको पता है

> राहुल गांधी ने कहा कि विदेश मंत्री भाषण देते हैं और कहते हैं कि हमारी विदेश नीति बहुत अच्छी है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा है। जब आप अपना प्रतिनिधिमंडल दुनिया में भेजते हैं, तो कोई भी देश पाकिस्तान की निंदा नहीं करता। वे इस देश को कैसे चला रहे हैं? पूरी तरह से भ्रम की स्थिति है।

> उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की एक टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा, विदेश मंत्री कहते हैं कि हमारी शानदार विदेश नीति है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा हुआ है। पूरी दुनिया में आप प्रतिनिधिमंडल भेजते हैं तो पाकिस्तान की एक भी देश निंदा नहीं करता है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, ये लोग (मोदी सरकार) देश को कैसे चला रहे हैं। इन्हें देश चलाना नहीं आता है। पूरी तरह ऊहापोह की स्थिति है।

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को छोड़कर सब जानते हैं कि भारत एक डेड इकोनॉमी (बर्बाद अर्थव्यवस्था) है तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह स्थिति पैदा की है। उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ट्रंप की शर्तों पर होगा और प्रधानमंत्री मोदी वही करेंगे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे। ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और रूस अपनी बर्बाद अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, वह सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के सिवाय हर कोई जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बर्बाद अर्थव्यवस्था है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने तथ्य सामने रखा है। उन्होंने कहा, क्या आपको मालूम नहीं है कि भारत की अर्थ व्यवस्था एक बर्बाद अर्थ व्यवस्था है। भाजपा ने अर्थव्यवस्था को खत्म कर दिया है। आप लोग (मीडिया) हैरान क्यों लग रहे हैं? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, भारत के सामने आज मुख्य मुद्दा है कि इस सरकार ने हमारी आर्थिक नीति को तबाह कर दिया, हमारी रक्षा नीति को तबाह कर दिया और हमारी विदेश नीति को तबाह कर दिया। वे देश को रसातल में ले जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री सिर्फ एक व्यक्ति (गौतम) अदाणी के लिए काम करते हैं। सारे छोटे कारोबार खत्म कर दिए गए। कांग्रेस नेता ने दावा किया, आप देख लीजिएगा, यह समझौता होगा। ट्रंप तय करेंगे कि यह समझौता कैसे होगा और मोदी वहीं करेंगे जो ट्रंप कहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में दिए गए भाषण का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, उन्होंने ट्रंप का नाम नहीं लिया, चीन का नाम नहीं लिया।




# भारत राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा

## ट्रंप के 25% टैरिफ पर बोले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल

> लोकसभा में बोलते हुए, गोयल ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले के प्रभावों की जांच कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र ने ट्रम्प के बयान पर ध्यान दिया है और वर्तमान में इसके प्रभावों का अध्ययन कर रहा है।

एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगी। यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के एक दिन बाद कही गई। उन्होंने नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल और हथियार खरीदने के फैसले का हवाला दिया। लोकसभा में बोलते हुए, गोयल ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले के प्रभावों की जांच कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र ने ट्रम्प के बयान पर ध्यान दिया है और वर्तमान में इसके प्रभावों का अध्ययन कर रहा है। सरकार ने कहा कि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पहुँचने के लिए बातचीत कर रहे हैं। बता दें कि ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, जो कि 1 अगस्त 2025 से लागू होगा। ये फैसला भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक और व्यापारिक रिश्तों में तनाव पैदा कर सकते हैं। आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के चीन और रूस के साथ व्यापार करने पर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि भारत हमारा दोस्त है, लेकिन उनके ऊंचे टैरिफ और रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा खरीद ने उनकी नीतियों को लेकर चिंता है। खासकर तब जब दुनिया यूक्रेन में रूस की हिंसा रोकना चाहती है।




# हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता...

## अमित शाह की दो टूक, कांग्रेस को भी खूब सुनाया

> गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के 2008 के उस बयान का भी ज़िक्र किया जिसमें उन्होंने 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों में आरएसएस के शामिल होने की संभावना जताई थी।

एजेंसी



भारत में आतंकवाद के 'पतन' के कगार पर होने की बात दोहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकते। पहलगाम नरसंहार और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को दे दिया, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इसे वापस लेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की उदार नीतियों और तुष्टिकरण के रवैये ने देश में आतंकवाद को पनपने और फलने-फूलने का मौका दिया। सौभाग्य से, अब हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो केवल दस्तावेजों पर निर्भर रहने के बजाय निर्णायक कार्रवाई करता है, ब्रह्मोस मिसाइल तैनात करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के इस आकलन की आलोचना करते हुए कि 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हमला करने वाले आतंकवादियों से पाकिस्तान का कोई ठोस संबंध नहीं है, गृह मंत्री ने कहा, ‘चिदंबरम साहब ने कल कहा था कि यह नहीं कहा जा सकता कि ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक था।

# ईडी ने सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले में पहली बार अंडमान और निकोबार में छापे मारे

▸▸सूत्रों ने बताया कि एकत्र किए गए दस्तावेजों से संकेत मिलता है कि बैंक की निर्धारित प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों की अनदेखी करके विभिन्न मुखौटा कंपनियों को ऋण सुविधाएं दी गईं।

एजेंसी





प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक पूर्व सांसद से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज ‘धोखाधड़ी’ से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पहली बार इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। यह मामला अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) और उसके उपाध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा से संबंधित है। कांग्रेस नेता शर्मा (57) इस केंद्र शासित प्रदेश के पूर्व सांसद (2019-24) हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ और कोलकाता में दो जगहों पर छापेमारी की।

### बेंगलुरु में 384 करोड़ रुपये के क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी

कर्नाटक के बेंगलुरु में 384 करोड़ रुपये की कथित साइबर धोखाधड़ी के सिलसिले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग मंच के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार, नेब्लियो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष (सार्वजनिक नीति और सरकारी मामले) हरदीप सिंह ने शिकायत दर्ज कराई

# पटना एम्स की नर्स के 2 बच्चों को जिंदा जलाकर मार डाला, घर में घुसकर वारदात

## एक ही कमरे में दो बच्चों के जले हुए शव बरामद, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

> जलि कुमारी (15) और अंशुल कुमार (10) के जले हुए शव एक कमरे के अंदर मिले। मामला सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। मामला सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। पूरा मामला दानापुर के नगवा गांव का है।

एजेंसी

बिहार के पटना के पास एक गाँव में दो बच्चों एक लड़की और एक लड़के के जले हुए शव एक ही कमरे में मिलने से दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि उनके परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि किसी ने उन्हें आग लगा दी। परिवार का आरोप है कि किसी ने पहले बच्चों की हत्या की और फिर उनके शवों को आग लगा दी। अंजलि कुमारी (15) और अंशुल कुमार (10) के जले हुए शव एक कमरे के अंदर मिले। मामला सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। मामला सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। पूरा मामला दानापुर के नगवा गांव का है ।फुलवारी शरीफ के डीएसपी 2 दीपक कुमार का कहना है कि दोनों बच्चों की जलने से मौत हो गई... बच्चों के पिता चुनाव आयोग में काम करते हैं... हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक पीड़ितों के पिता लल्लन गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि घर के पास दो-तीन आदमी देखे गए। इसके बाद मेरे 15 और 10 साल के बच्चे कमरे के अंदर मृत पाए गए। उन्हें मारने के बाद जला दिया गया था। अगर यह एक दुर्घटना होती, तो लड़के अपनी जान बचाने के लिए भाग जाते और दरवाजा भी खोल सकते थे, लेकिन उनकी तरफ से ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया।



**आदेश** सीएम धामी ने दिया आदेश

# नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों को दिया जाएगा तकनीकी और बजट प्रशिक्षण

एजेंसी




> मुख्यमंत्री ने राज्य में 'एकीकृत पंचायत भवनों' के निर्माण के निर्देश दिए। इन एकीकृत पंचायत भवनों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पटवारी, आशा आदि के एक ही स्थान पर बैठने की व्यवस्था होगी। उनके एक साथ बैठने के लिए एक रोस्टर भी बनाया जाना चाहिए। विज्ञप्ति के अनुसार, इससे लोगों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को अधिकारियों को नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय प्रबंधन और शासन पर प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। सचिवालय में पंचायती राज विभाग की बैठक के दौरान, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी को एकीकृत प्रयास करने होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गांवों के विकास से ही राज्य और देश का विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने राज्य में 'एकीकृत पंचायत भवनों' के निर्माण के निर्देश दिए। इन एकीकृत पंचायत भवनों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पटवारी, आशा आदि के एक ही स्थान पर बैठने की व्यवस्था होगी। उनके एक साथ बैठने के लिए एक रोस्टर भी बनाया जाना चाहिए। विज्ञप्ति के अनुसार, इससे लोगों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विज्ञप्ति के अनुसार, सीएम धामी ने कहा कि ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों में बजट नियोजन को और बेहतर बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी ग्राम पंचायतों का सुनियोजित विकास हो। मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि अगले 15 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्रों में किस हद तक परिवर्तित किया जाएगा, इसका आकलन किया जाए। यह आकलन राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। धामी ने कहा कि ग्राम सभाओं के स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। इसके लिए एक नियमित कैलेंडर बनाया जाए। यह स्थापना दिवस ग्राम स्तर पर मेलों, मिलन समारोहों, प्रबुद्ध लोगों की जयंती और अन्य विशेष दिवसों पर भी मनाया जा सकता है। सीएम धामी ने क्षेत्र और जिला पंचायत दोनों में एकीकृत और संतुलित विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी क्षेत्र या व्यक्ति विकास योजनाओं से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर सभी योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग होनी चाहिए। पंचायतों में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सभी पंचायतों के कार्यों का ऑडिट कर उसे पब्लिक पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

# ट्रंप के टैरिफ वाले दांव पर भाजपा बोली, भारत अपने हित में काम करेगा, दबाव में नहीं आएगा



> जायसवाल ने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी जी ने परमाणु विस्फोट किया था, तब अमेरिका ने भी यही किया था। उसके बाद, गैर-भारतीय लोगों का इतना बड़ा समर्थन मिला कि डॉलर का मूल्य गिर गया।

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और सांसद संजय जायसवाल ने इसकी तुलना तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत के 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से की। एएनआई से बात करते हुए, भाजपा नेता संजय जायसवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा अपने संप्रभु हित में काम किया है और बाहरी दबाव की परवाह किए बिना ऐसा करता रहेगा। जायसवाल ने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी जी ने परमाणु विस्फोट किया था, तब अमेरिका ने भी यही किया था। उसके बाद, गैर-भारतीय लोगों का इतना बड़ा समर्थन मिला कि डॉलर का मूल्य गिर गया। किसी तीसरे देश को किसी अन्य देश के साथ हमारे संबंधों की प्रकृति पर टिप्पणी करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

हम हर देश के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं और भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए, पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और सांसद समिक भट्टाचार्य ने अमेरिकी राष्ट्रपति के कदम की आलोचना करते हुए कहा कि भारत पर दबाव की रणनीति से दबाव नहीं डाला जा सकता।

## सम्पादकीय

# वनों की कटाई की वजह से खतरे में बाघ, पर्यावरण को बचाना बड़ी चुनौती

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है।इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। देश भर के जंगलों में जिस तरह से अतिक्रमण और खनन के साथ मानवीय हस्तक्षेप बढ़ा है, उससे बाघों का सुरक्षित पयार्वास खतरे में है।वनों की लगातार कटाई ने उनके लिए आहर की चुनौतियां भी बढ़ा दी हैं।जंगलों के भीतर सड़कों के निर्माण और कोलाहल बढ़ने से प्राकृतिक माहौल का संतुलन बिगड़ा है। नतीजा यह कि अब बाघ जंगलों से बाहर निकल रहे हैं। भोजन-पानी की तलाश में भटकते ये वन्य जीव मनुष्यों के लिए तो खतरा बने ही हैं, साथ ही उनके जीवन पर भी संकट बढ़ रहा है।पिछले कुछ वर्षों में मनुष्यों और वन्य जीवों के बीच संघर्ष की घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है।इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है।इस रपट ने अभयारण्यों की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही को भी उजागर किया है।बाघों के लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं।सवाल है कि अभयारण्यों में आवाजाही के लिए बने गलियारों से बाघ और तेंदुए गांवों एवं शहरों तक कैसे पहुंच जाते हैं? क्या उनके लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं। क्या बाघों की निगरानी के लिए अब तक मजबूत तंत्र नहीं बन पाया है? अगर कहीं बाड़बंदी नहीं है और बाघ निर्धारित दायरे से बाहर निकलते हैं, तो समय रहते ऐसी घटनाओं का पता क्यों नहीं लगाया जाता। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के बावजूद बाघों की नियमित निगरानी क्यों संभव नहीं हो पा रही हैचेस महिला विश्वकप जीतने वाली पहली महिला बनीं दिव्या देशमुख, 19 साल की उम्र में हासिल किया था ग्रैंडमास्टर का तमगाएक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या जंगलों में बाघों के लिए भोजन का अभाव है? मध्य प्रदेश में दो दशकों में जिस तरह वनों की कटाई हुई है, उसका परिणाम सामने हैं। यहां चार वर्ष के भीतर अभयारण्यों से बाहर निकले नब्बे बाघों की मौत कोई साधारण घटना नहीं है।शासन व प्रशासन को बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा।यह सब आधी-अधूरी योजनाओं से नहीं, बल्कि नवोन्मेषी उपायों से ही संभव हो पाएगा।

## आज का विचार




# फैसला मालेगांव ब्लास्ट ही नहीं, 'भगवा आतंकवाद' वाली राजनीति पर भी आया है

**17 साल तक चले मालेगांव ब्लास्ट केस के सभी आरोपी बरी कर दिए गए हैं. कोर्ट का कहना है कि आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे. केस का कानूनी पक्ष तो अपनी जगह है, ये फैसला भगवा आतंकवाद के राजनीतिक नैरेटिव पर भी सवाल खड खड़े करता है**

पा मालेगांव ब्लास्ट केस के सभी 7 आरोपी बरी कर दिये गये हैं. अपने फैसले में स्पेशल ठकअ कोर्ट ने कहा है, 'कोई भी सबूत विश्वसनीय नहीं है.' अदालत ने अभिनव भारत संस्था को भी मालेगांव ब्लास्ट के आरोपों से बरी कर दिया. ये सिर्फ प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल प्रसाद पुरोहित के लिए ही राहत की बात नहीं है, बल्कि स्पेशल कोर्ट के फैसले के ये तब की बात है जब महाराष्ट्र में कांग्रेस और केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी. महाराष्ट्र में बम विस्फोट और आतंकवादी हमलों की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मालेगांव ब्लास्ट के बाद भगवा आतंक बताकर हिंदूवादी संगठनों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया गया. ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान 24 घंटे पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है, कांग्रेस ने वोटबैंक की राजनीति के लिए भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धांत गढ़ा... हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता है. मालेगांव केस पर आये फैसले ने एक बार फिर बीजेपी और कांग्रेस को आमने सामने ला दिया है. ये फैसला जहां बीजेपी को हिंदू विरोधी राजनीति पर हमले का मौका दे रहा है, वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को बचाव की मुद्रा में ला दिया है. पूर्व बीजेपी सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के लिए ये बहुत बड़ा दिन है, और एक अन्य आरोपी कर्नल प्रसाद पुरोहित के लिए भी. मालेगांव ब्लास्ट केस में सात आरोपी थे भोपाल से बीजेपी सांसद रह चुकीं साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, अजय राहिरकर, सुधाकर धर द्विवेदी और समीर कुलकर्णी. स्पेशल कोर्ट के फैसले में क्या है29 सितंबर 2008 को मालेगांव के भीकू चौक पर एक दोपहिया वाहन में बम विस्फोट हुआ,



जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई और 101 लोग घायल हुए. मृतकों की पहचान फरहीन उर्फ शगुफ्ता शेख लियाकत, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान, सैयद अजहर सैयद निसार और हारून शाह मोहम्मद शाह के रूप में हुई थी. स्पेशल कोर्ट ने माना है कि ये घटना समाज के खिलाफ एक गंभीर अपराध थी, लेकिन कानून में सजा देने के लिए सिर्फ नैतिक आधार नहीं, मजबूत सबूत ही जरूरी होते हैं. कोर्ट के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ भरोसा करने लायक और पुख्ता सबूत नहीं मिला है, इसलिए सभी को बरी किया जाता है. 1. स्पेशल जज एके लाहोटी ने अपने फैसले में कहा है, अदालत इस नतीजे पर पहुंची है कि बम मोटरसाइकिल के बाहर रखा गया था, न कि उसके अंदर. 2. कोर्ट का कहना है, अहम गवाहों ने प्रॉसिक्यूशन का समर्थन नहीं किया... प्रॉसिक्यूशन साजिश रचने के आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा है. 3. ऐसा कोई सबूत उपलब्ध नहीं है, जिससे साबित होता हो कि कर्नल पुरोहित ने ही फऊ लाया था, या बम असेंबल किया गया था. ये भी साफ नहीं है कि बम वाली मोटरसाइकिल वहां किसने खड़ी की, जबकि इलाका रमजान के चलते पहले से ही सील कर दिया गया था. घटन के बाद पत्थरबाजी किसने की? नुकसान किसने पहुंचाया या फिर पुलिस की बंदूक छीनने जैसी घटनाओं पर कोई स्पष्ट सबूत नहीं है. 4. स्पॉट पंचनामा में खामियां थीं... वाहन के चेसिस नंबर को मिटा दिया गया था, और दोबारा रिस्टोर नहीं किया गया... ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं है कि वो मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा की ही थी. 'भगवा आंतक' की राजनीति और एक कानूनी फैसला मालेगांव विस्फोट केस में विशेष एनआईए कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, क्योंकि कोई भी धर्म हिंसा की इजाजत नहीं देता – कोर्ट का ये स्टेटमेंट धर्म और राजनीति दोनों के लिहाज से बेहद अहम है. जाहिर है, ये फैसला सिर्फ प्रज्ञा ठाकुर ही नहीं, बल्कि हिंदुत्व की राजनीति करने वाले सभी नेताओं के लिए महत्वपूर्ण है. फैसले पर पहली प्रतिक्रिया में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा भी है, 'ये मेरे अकेले की जीत नहीं है. ये भगवा की भी जीत है.' देखा जाये तो ये फैसला मौजूदा माहौल में बीजेपी के हिंदुत्व के एजेंडे को सपोर्ट कर रहा है. ऑपरेशन सिंदूर के जरिये बने राष्ट्रवाद के माहौल में ये फैसला हिंदुत्व का तड़का है. राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के बूते ही बीजेपी की राजनीति आगे बढ़ती है और बिहार के आगे भी पश्चिम बंगाल और केरल विधानसभा चुनावों में भी बीजेपी ये भुनाने की पूरी कोशिश करेगी. – 2014 से पहले कांग्रेस के जो नेता भगवा आतंक पर आक्रामक देखे जाते थे, एनआईके कोर्ट के फैसले ने एक झटके में बचाव की मुद्रा में ला दिया है. प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल प्रसाद पुरोहित पूरे 17 साल भगवा आंतक के आरोपों के साये में बने रहे. 2019 में प्रज्ञा ठाकुर ने भोपाल लोकसभा सीट पर कांग्रेस के दिग्विजय सिंह को हराया था, जो भगवा आतंक को हमेशा ही जोर शोर से पेश करते रहे हैं. लोकसभा पहुंचने के बाद प्रज्ञा ठाकुर बाकी सवालों के घेरे में तो रहीं ही, नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताने के बाद बुरी तरह फंस गई. बीजेपी ने भी समर्थन से हाथ खींच लिए और माफी मांगने को मजबूर होना पड़ा. लेकिन, प्रज्ञा ठाकुर के लिए सबसे बड़ा सदमा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नाराजगी. प्रज्ञा ठाकुर को लेकर तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, मन से कभी माफ नहीं कर पाऊंगा. सवाल है कि क्या मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मोदी की माफी मिल पाएगी? भगवा आतंक और बीजेपी का स्टैंड ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा, वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धांत गढ़ा... मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता... कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने झूठ को नकार दिया. अमित शाह के भाषण के ठीक अगले दिन मालेगांव ब्लास्ट केस में फैसला आया है. 26/11 के मुंबई हमलों का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि कुछ लोग लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी हमलों को लेकर हिंदुत्ववादी संगठनों को दोषी ठहराने की कोशिश कर रहे थे... कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह भी इसमें शामिल थे... कांग्रेस ने वोट के लिए आतंकवाद को धार्मिक रंग देने की कोशिश की, लेकिन भारत के लोगों ने झूठ को स्वीकार नहीं किया. भारतीय जनता पार्टी के नेता बृजलाल का कहना है कि भगवा आतंकवाद का सिर्फ नैरेटिव रचा गया... ये पूरी साजिश थी... आज कोर्ट ने जो फैसला किया है उससे मैं बहुत खुश हूं... गृह मंत्री ने भी कहा है कि हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता. भोजपुरी फिल्म स्टार और गोरखपुर से बीजेपी सांसद रवि किशन कहते हैं, कल गृह मंत्री ने साफ कर दिया कि हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता... भगवा आतंकवाद को गढ़ा गया जो गलत था. कांग्रेस इसका जवाब दे बाकी बातें अपनी जगह हैं, लेकिन मालेगांव केस की ही तरह हाल भी में मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस को लेकर आए फैसले में भी सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया था. महाराष्ट्र सरकार ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया है देखना है, महाराष्ट्र सरकार एनआईए कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देती है या नहीं?




**मेष राशि:** व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। अगर आपका कोई काम लंबे समय से बीच में अटका हुआ है, तो वह शाम के समय पूरा हो सकता है, जिससे मानसिक तनाव कम होगा। जीवनसाथी का भी आपको पूरा सहयोग प्राप्ति होगा।

**वृषभ राशि :** कार्यक्षेत्र में शांति और संयम के साथ काम करने से आपको सफलता मिलेगी। जो लोग राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उन्हें अपने प्रयासों का अब शुभ परिणाम प्राप्त हो सकता है। शासन और सत्ता अच्छी दोस्ती या बातचीत होने से आपको लाभ मिल सकता है। मिथुन राशि करियर राशिफल : यात्रा के दौरान सतर्क रहना जरूरी

**मिथुन राशि:** किसी भी यात्रा के दौरान आपको सावधान रहने की जरूरत होगी, अन्यथा कोई मूल्यवान वस्तु खोने या चोरी होने का डर बना रहेगा। अगर कार्यक्षेत्र में आपके जरूरी काम रुके हुए थे तो अब वे पूरे होने लगेंगे। आपको अपने प्रोजेक्ट से जुड़ा को शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि:** आपके लिए यह दिन शुभ रहने वाला है। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सफलता के नए मार्ग खुलने लगेंगे। साथ ही, समाज में भी आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए सुखद और लाभदायक हो सकती है।

**सिंह राशि :** राशि का स्वामी सूर्य कर्क राशि द्वादश भाव में है। इससे नौकरी में आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनने शुरू हो सकते हैं। वहीं, कार्यस्थल पर अपनी मधुर वाणी से आपको सम्मान प्राप्त होगा और मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, आपके विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

**कन्या राशि:** आपका दिन भाग्यशाली रहने वाला है और पराक्रम में वृद्धि कराने वाला होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए प्रयासों से अब बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। यह आपके अपेक्षा से ज्यादा हो सकती है। अगर किसी कानूनी विवाद में फंसे थे तो अब आपको जीत मिल सकती है

**तुला राशि:** दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आपके चारों और खुशहाली भरा वातावरण बना रहेगा। आर्थिक मामलों में अगर कई दिनों से पैसों की लेन-देन को लेकर समस्या चल रही थी तो अब वह हल हो सकती है। इससे आपको अब पर्याप्त मात्रा में धन लाभ भी होगा और सुख में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक राशि:** आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। जरूरी मामलों में परिवार का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार करने वालों को अपने आसपास के छोटे-छोटे अवसरों को भी पहचानना होगा

**धनु राशि:** कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके काम और रचनात्मक सोच की प्रशंसा करेंगे। शासन व सत्ता पक्ष से अच्छी जान पहचान और बातचीत होने से आपको बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामले में आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन का सहयोग मिल सकता है।

**मकर राशि:** रोजगार और व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक मामलों में आपको सफलता प्राप्त हो सकती है और कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट और प्रयास उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर आपको सहकर्मियों की ओर से भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ राशि:** कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा। वे आपके खिलाफ कोई रणनीति बना सकते हैं। साथ ही, आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल नहीं रहेगा। मीन राशि करियर राशिफल : यात्राओं के दौरान रहें सावधान

**मीन राशि:** आर्थिक मामले में आपको अपने ससुराल पक्ष से पैसों की लेन-देन करने से बचना होगा। ऐसा करने से संबंध खराब होने का भय बना रहेगा। व्यापार से जुड़ी यात्राओं में सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा को मूल्यवान वस्तु खोने की संभावना है।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# एआई का विस्तार या नौकरी का संकुचनः बड़ी चुनौती

ललित गर्ग

भारत जैसे युवाओं वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में तकनीकी विकास के प्रति उत्साह हमेशा गहरा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकें समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था में तीव्र बदलाव की सारथि बनी हैं। हर वर्ग और क्षेत्र ने इस परिवर्तन को आशा एवं सकारात्मकता के साथ अपनाया है, इस उम्मीद में कि तकनीकी तरक्की के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लेकिन हाल ही में आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया और इसे बड़ा झटका दिया है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दशार्ता है। छंटनी बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। यह संख्या कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 2 प्रतिशत है, और मुख्यतः मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी।

एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उदाहरण के तौर पर, एमेजोन ने 30,000 सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों को एआई की मदद से मात्र छह महीनों में अपग्रेड किया, जो कार्य सामान्यतः डेवलपर्स को एक वर्ष लगता। इससे कंपनी को लगभग 250 मिलियन डॉलर की बचत हुई। इसी



प्रकार, माइक्रोसोफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों में कोडिंग का 20 से 50 प्रतिशत कार्य एआई से कराया जा रहा है। भारत में एआइ का प्रसार अभी अमेरिका या यूरोप की तुलना में सीमित है, लेकिन इसकी गति तीव्र है। देश के स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र में छंटनियों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल वर्ष 2025 के शुरूआती पांच महीनों में भारत में 3600 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया, जिसमें एआई आधारित लागत नियंत्रण एक प्रमुख कारण रहा। यह स्पष्ट करता है कि एआई के कारण दोहराव वाले कार्यों की उपयोगिता घट रही है और उनकी जगह स्मार्ट तकनीक ले रही है। मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, अनेक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाले बनकर उभर रहे हैं कि क्या यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए? एआई युग में नौकरी की अनिश्चितता क्या तकनीक विकास के नाम पर विस्थापन नहीं है? छंटनी की चपेट में युवाओं का भविष्य क्या तकनीकी प्रगति के नाम पर मानव श्रम पर आघात नहीं है? क्या स्मार्ट मशीनें के दौर में भारत में रोजगार को नई चुनौती और इंसानों को हताशा में धकेलना नहीं है? एआई का विस्तार यानी नौकरी का संकुचन क्या भारत के लिए बड़ी चेतावनी की घड़ी बन रहा है? इन प्रश्नों के परिप्रेक्ष्य में देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लेकिन टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में हरियाणा में हुई एक परीक्षा में लाखों युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि रोजगार की मांग कितनी व्यापक और अवसर कितने सीमित हैं। देश ही नहीं, दुनिया में रोजगार का संकुचन एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। गोल्डमैंन सोच्स की रिपोर्ट के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के चलते दुनिया भर में लगभग 300 मिलियन नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। विश्व आर्थिक मंच का आकलन है कि 2030 तक 92 मिलियन नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन उसी अवधि में 170 मिलियन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। यह एक दोधारी तलवार है, जो बदलेगा, बचेगा; जो रुकेगा, वो हाशिए पर जाएगा। टीसीएस का दावा है कि छंटनी का निर्णय भविष्य की जरूरतों के अनुसार संगठन को ढालने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का ध्यान एआई में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहक अनुभव सुधार और कार्यबल मॉडल के पुनर्गठन पर केंद्रित है। हालांकि, यह तर्क उन हजारों कर्मचारियों की व्यथा को शांत नहीं कर सकता जिनकी आजीविका पर इसका सीधा प्रहार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कंपनी के भीतर बल्कि समूचे आईटी क्षेत्र में आशंका, आक्रोश एवं अनिश्चितता का माहौल बन गया है। खासकर युवाओं और आईटी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों के लिए यह एक मानसिक झटका है। तकनीकी शिक्षा में दाखिले बढ़ रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। यह असंतुलन देश की सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण जोखिम में हैं। भारत में अनुमान है कि 2025 तक 12-18 मिलियन नौकरियां एआई आधारित ऑटोमेशन के चलते प्रभावित हो सकती हैं, विशेषकर आईटी और बीपीओ क्षेत्रों में। एटेमबर्ग के संस्थापक के अनुसार, भारत में 40-50 प्रतिशत व्हाइट कॉलर नौकरियां एआइ से प्रभावित होने के कगार पर हैं, जिससे देश के मध्यवर्ग की आर्थिक स्थिरता को गहरा झटका लग सकता है।टीसीएस की छंटनी ने बेरोजगारी के दौर में बड़ी हलचल मचाई है, हालांकि आईटी और तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले बढ़े हैं, लेकिन उनमें व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख कौशल की कमी है। यह असंगति ही भविष्य में अधिक छंटनियों का कारण बन सकती है।

# अद्भुत, अनंत, अकल्पनीय है काशी की महिमा

(अंजनी सक्सेना)

जब हम काशी,वाराणसी या बनारस कहते हैं, तब हम मात्र काशी विश्वनाथ और गंगा स्नान के विषय में ही सोचते हैं। इन स्थानों के अतिरिक्त भी काशी में 500 से अधिक प्राचीन मंदिर, तीर्थ, कूप और कुण्ड हैं। काशी में भगवान काशी विश्वनाथ और मां गंगाजी के शक्तिमान स्थानों के अतिरिक्त और भी 500 से अधिक प्राचीन मन्दिर शिवलिंग, देवियां, गणेश, कार्तिक स्वामी, विष्णु, महालक्ष्मी, नवग्रह, तीर्थ, कुण्ड-कूप हैं।कहा जाता है कि शिवजी मोह-माया रहित हैं किन्तु शिवजी अपने श्रीमुख से स्वयं कहते हैं- 'ममतारहिस्यापि मम सर्वात्मनो घ्रुवम। व एव मामका लोके ये काशीनाम जापका॥ अर्थात- मैं स्वयं ममता रहित हूं किन्तु जो 'काशी-काशी' जपते रहते हैं, वे मेरे परम प्रिय होते हैं। काशी में देवताओं, ऋषियों, ग्रहों, गणों द्वारा स्थापित शिवलिंग हैं। माना जाता है कि काशी मोक्ष नगरी है लेकिन इसके साथ ही मनुष्य जन्म की सभी आवश्यकताएं परिवार, संतान, धन, जीविका, गृह, सुख, शान्ति, आरोग्य, निष्कलह- निष्कलंक जीवन, यश, सत्ता सभी भक्तों को देने की असीम शक्ति काशी के विश्वनाथ में है। काशी के समस्त शक्तिमान स्थानों का वर्णन एक साथ प्रस्तुत करना तो भगवान आदित्य को दीपक दिखाने जैसा ही है। यहां भगवान काशी विश्वनाथ तो हैं ही, साथ में दुर्गा मंदिर के दुर्ग विनायक हैं, जो काशी के 16 विनायकों में से हैं। आदि केशव मंदिर के जाग्रत सूर्यदेव हैं जिनके दर्शन से व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है, श्रेष्ठत्व मिलता हैं तो ऋणहरेश्वर महादेव भी हैं जो सर्वकष्ट और ऋण नष्ट करते हैं। इटली में पीसा की मीनार जब बनी भी नहीं थी, तब से यह मंदिर है। विष्णु जिनका सर्वसमावेशक रूप बिन्दुमाधव है। उनका मंदिर आक्रमकों ने तोड़ा किन्तु अर्चकों ने श्रीविग्रह (मूर्ति) बचायी, बिन्दुमाधव अति सामान्य व्यक्ति को भी भक्ति की शक्ति से असामान्य बनाते हैं। यहां वागेश्वरी देवी भी हैं जिनके दर्शन मात्र से विद्यार्थी पत्रकार, लेखक, वक्ता के लेखन-वाणी में ओज आता है। यहां देवी कामख्या का भव्य पाषाणीय श्रीचक्र है, जिन्हें श्वेत और गुलाबी पुष्प चढ़ाने से देवी त्रिपुरसुन्दरी यश, सम्पत्ति और आरोग्य देती हैं। गायघाट की महालक्ष्मी देवी, जिनके दर्शन से व्यापारियों, भक्तों को धन, आरोग्य तथा सुहागिनों को सदा सौभाग्य का आशीर्वचन मिलता है। काशी के कोतवाल कालभैरव जो झूठे मामले-मुकदमे से छुड़ाते हैं, अटके कार्य बनाते हैं। कई स्थान पर प्रभु श्रीराम-जानकी-लक्ष्मण-हनुमानजी की मूर्तियां दिखती हैं। काशी में इनकी छवि भी अद्भुत है। जहां इनके साथ भरत व शत्रुघ्न भी हैं तो यह सम्पूर्ण परिवार सजे हुए वस्त्रों-आवरणों में ऐसा लगता है, जैसे सब मिलकर रामायण की अपनी कथा अभी सुनाएंगे। भव्य शिवलिंग तिलमांडेश्वर जिनके सामने सरसों और तिल के तेल के दिये जलाने और नीले पुष्प चढ़ाने से शनि भगवान की साढ़ेसाती, ढैया व महादशा के कष्टों से छुटकारा मिलता है। ऋणहरेश्वर महादेव तथा कामाक्षी देवी मंदिर का श्रीचक्र ऋण-हर्ता व श्रीलक्ष्मी प्रदाता है। आइए एक बार इन प्रमुख देवी-देवताओं का साक्षात्कार कर उन्हें नमन करें। दुर्ग विनायक - दुर्गा मंदिर के प्रवेश में छोटे मंदिर में दुर्ग विनायक विराजमान हैं। दुर्वा (दूब), जवाकुसुम पुष्प और रंग-बिरंगी मालाओं से हर दिन दुर्ग विनायक का पूजन होता है। दुर्गा देवी के दर्शन के पूर्व दुर्गा-कुण्ड में स्नान कर, दुर्ग विनायक का पूजन कर भक्त दुर्गा मंदिर में प्रवेश करते हैं। मान्यता है कि दुर्ग विनायक बड़ी दुर्घटनाओं से भक्तों की रक्षा करते हैं। काशी निवासियों के दुर्ग (किला) के स्वरूप में वे बसते हैं। दुर्गा देवी के मंदिर परिसर में अनेकानेक प्राचीन मंदिर हैं।

# आतंकवाद भगवा न था और न है और न रहेगा, मालेगांव केस में फडणवीस का बड़ा बयान

**महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी सात आरोपियों को बरी किए जाने पर सीएम फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने कोर्ट की टिप्पणी पर अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद भगवा न था और न रहेगा। एनआईए कोर्ट ने 17 साल बाद फैसला दिया है।**





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट में एनआईए कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट के फैसले पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। सीएम फडणवीस ने कहा कि आतंकवाद कभी भगवा नहीं था, नहीं है और कभी नहीं होगा। गौरतलब को ही सितंबर, 2008 में जब मालेगांव ब्लास्ट हुआ था तब साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल पुरोहित समेत 11 लोगों को अरेस्ट किया गया था। एटीएस से जांच एनआईए के हाथ में होने के बाद कुल आरोपियों की संख्या घटकर सात रह गई थी। एनआईए कोर्ट ने फैसल सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने यह तो साबित कर दिया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस नतीजे पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि 95 साल थी और कुछ मेडिकल सर्टिफिकेट में हेराफेरी की गई थी।कोर्ट ने खारिज की भगवा आतंकवाद की थ्योरी एनआईए कोर्ट के जस्टिस ए के लाहोटी ने यह टिप्पणी की कि आतंक को कोई रंग नहीं होता है। महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने कहा कि आतंकवाद कभी भगवा नहीं था, नहीं है और कभी नहीं होगा। जब मालेगांव में रमजान के महीने में ब्लास्ट हुआ था तब केंद्र और राज्य में कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकारें थी। 17 साल लंबे खिंचे इस मामले में पुलिस, एटीएस और फिर एनआईए ने जांच की।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागपुर और इटारसी के बीच चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 31.07.2025 को नागपुर और इटारसी के बीच चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है।नागपुर-इटारसी चौथी रेल लाइन परियोजना, दिल्ली-चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क का हिस्सा है जिसकी परियोजना लागत 5,451 करोड़ रुपये है। 297 रूट किलोमीटर और 339 ट्रैक किलोमीटर लंबी वाली नागपुर-इटारसी चौथी रेल लाइन मार्ग में 37 स्टेशन, 36 बड़े पुल, 415 छोटे पुल, 2 सड़क ऊपरी पुल, 74 सड़क निचले पुल, 4 सुरंगें और 2 रेल ऊपरी पुल शामिल हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के दो राज्यों को जोड़ने वाली नागपुर-इटारसी चौथी रेल लाइन महाराष्ट्र के नागपुर जिले और मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल और पंढुर्ना जिलों को लाभान्वित करेगी। इस मार्ग का, मुंबई-हावड़ा उच्च घनत्व नेटवर्क के साथ नागपुर में जुडने से, यात्री और माल यातायात की तेज और कुशल आवाजाही सक्षम होगी, 10 मिलियन टन अतिरिक्त माल के परिवहन की सुविधा प्रदान करेगी और रसद लागत में 1206 करोड़ रुपये की बचत करेगी। नागपुर-इटारसी चौथी रेल लाइन परियोजना से मध्य प्रदेश में महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, आंध्र प्रदेश में श्रीशैलम और तमिलनाडु में रामेश्वरम जैसे 4 ज्योतिर्लिंग मंदिरों को कनेक्टिविटी प्रदान करने से न केवल बड़ी संख्या में भक्तों को लाभ होगा, बल्कि इन स्थानों में पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, इससे नियमित यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों आदि को भी काफी लाभ होगा। नागपुर-इटारसी चौथी रेल लाइन, रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं, नागपुर-इटारसी चौथी लाइन, औरंगाबाद-परभणी दोहरीकरण, अलुआबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन तथा डांगोआपोसी-जरोली तीसरी और चौथी लाइन को कैबिनेट द्वारा दी गई मंजूरी का हिस्सा है, जिनकी कुल लागत लगभग 11,169 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएँ पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। ये परियोजनाएँ यात्रियों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। रेलवे, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागत को कम करने, तेल आयात को कम करने और उड2 उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगा।

फास्ट ट्रैक

# गणपति स्पेशल ट्रेनें - एलटीटी और मडगाँव के बीच 6 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें

**मध्य रेल द्वारा घोषित कुल गणपति स्पेशल ट्रेनों की संख्या अब 302 हो गई है**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे आगामी गणपति उत्सव के दौरान गणपति भक्तों की सुविधा के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनस और मडगाँव के बीच 6 अतिरिक्त गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। यह पहले से घोषित 296 गणपति स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त है, जिससे अब तक कुल 302 गणपति स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो चुकी हैं। अतिरिक्त 6 गणपति स्पेशल ट्रेनों का विवरण नीचे दिया गया है: एलटीटी-मडगाँव-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल (6 सेवाएँ)01003 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार 25.08.2025, 01.09.2025 और 08.09.2025 को सुबह 8.20 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22.40 बजे मडगाँव पहुँचेगी। (3 फेरे) 01004 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन मडगाँव से प्रत्येक रविवार 24.08.2025, 31.08.2025 और 07.09.2025 को 16.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 6.00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। (3 फेरे) ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा मानगांव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम और करमाली। संरचनाः एक एसी-2 टियर, तीन एसी-3 टियर, दो एसी-3 टियर इकोनॉमी, 8 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सेकंड सीटिंग कम गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन।आरक्षणः गणपति स्पेशल ट्रेन संख्या 01003 के लिए बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर 05.08.2025 को शुरू होगी। अनारक्षित डिब्बों की बुकिंग यूटीएस प्रणाली के माध्यम से की जा सकती है, जिसमें सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू अनारक्षित आवास के लिए सामान्य शुल्क लगेगा। इन विशेष ट्रेनों के ठहराव और समय की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry. indianrail. gov.inपर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# रेलवे मुंबई-नांदेड़ राज्यरानी एक्सप्रेस को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा, जिसमें 1 एसी चेयर कार और 2 नॉन-एसी चेयर कार शामिल हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे अब से ट्रेन संख्या 17612/17611 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हजूर साहिब नांदेड़ राज्यरानी एक्सप्रेस को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा।

नई संरचना में 1 एसी चेयर कार और 2 नॉन-एसी चेयर कार शामिल हैं।

विवरण इस प्रकार हैंः

ट्रेन संख्या 17612/17611 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हजूर साहिब नांदेड़ राज्यरानी एक्सप्रेस की संशोधित संरचना

एक फर्स्ट एसी कम एसी-2 टियर, एक एसी-2 टियर, तीन एसी-3 टियर, एक एसी चेयर कार, 5 स्लीपर क्लास, दो नॉन-एसी चेयर कार (आरक्षित), दो सामान्य द्वितीय श्रेणी (अनारक्षित) और 2 सेकंड सीटिंग और लगेज कम गार्ड ब्रेक वैन।

ट्रेन संख्या 17612 सीएसएमटी-हजूर साहिब नांदेड़ राज्यरानी एक्सप्रेस 05.08.2025 से सीएसएमटी से संशोधित संरचना के साथ चलेगी

ट्रेन संख्या 17611 हजूर साहिब नांदेड़-सीएसएमटी राज्यरानी एक्सप्रेस 04.08.2025 से हजूर साहिब नांदेड़ से संशोधित संरचना के साथ चलेगी।

इन ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या ठळएर ऐप डाउनलोड करें।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के त?योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा को मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस-ओखा और बांद्रा टर्मिनस- सांगानेर स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स?पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09077/09078 बांद्रा टर्मिनस झ ओखा स्पेशल [ 4 फेरे]

ट्रेन संख्या 09077 बांद्रा टर्मिनस-ओखा स्पेशल गुरुवार और रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 21:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16:45 बजे ओखा पहुँचेगी। यह ट्रेन 14 और 17 अगस्त, 2025 को चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09078 ओखा-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शनिवार और मंगलवार को ओखा से 08:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 16 और 19 अगस्त, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर, वांकानेर, राजकोट, जामनगर और द्वारका स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी -3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09023/09024 बांद्रा टर्मिनस झ सांगानेर सुपरफास्ट स्पेशल [4 फेरे]

ट्रेन संख्या 09023 बांद्रा टर्मिनस-सांगानेर सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 16:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:30 बजे सांगानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 7 और 14 अगस्त, 2025 को चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09024 सांगानेर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार को सांगानेर से 16:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 8 और 15 अगस्त, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, चौमहला, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे। ट्रेन संख्या 09077, 09078 एवं 09023 की बुकिंग 3 अगस?त, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। इन ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# माननीय केंद्रीय रेल्वे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव रिवा आणि पुणे दरम्यान ३ ऑगस्ट २०२५ रोजी नवीन एक्सप्रेस ट्रेनला हिरवा झेंडा दाखवतील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



रिवा आणि पुणे दरम्यान थेट कनेक्टिव्हिटी देणारी ही पहिली ट्रेन आहे

प्रवाशांच्या हितासाठी माननीय केंद्रीय रेल्वे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ३ ऑगस्ट २०२५ रोजी नवीन रिवा-पुणे एक्सप्रेसला हिरवा झेंडा दाखवतील.

भारतीय रेल्वे नवीन पुणे -रिवा -पुणे एक्सप्रेस सुरू करत आहे, जी पुणे आणि रिवा दरम्यान थेट जोडणी (कनेक्टिव्हिटी) होणारी पहिली ट्रेन असेल. सध्या या दोन ठिकाणांदरम्यान अप्रत्यक्ष जोडणी उपलब्ध आहे, तथापि ह्या ट्रेननमुळे प्रवास अधिक सोयीचा आणि सुलभ होईल.पुणे हे एक ऐतिहासिक आणि शैक्षणिक केंद्र आहे आणि महाराष्ट्रातील आळंदी, पंढरपूर, अक्कलकोट इत्यादी अनेक तीर्थक्षेत्रांना जोडणारे ठिकाण आहे.

रिवा देखील ऐतिहासिक आणि शैक्षणिक केंद्र असून केओटी व बहुती धबधबे, व्हाइट टायगर सफारी यांसारख्या आकर्षणांसह एक पर्यटनस्थळ देखील आहे.

ही ट्रेन महाराष्ट्र व मध्यप्रदेशातील महत्त्वाच्या स्थानकांदरम्यान वेगवान, सुरक्षित आणि आरामदायक प्रवासाची सुविधा प्रदान करणार आहे. या ट्रेनमुळे महाराष्ट्रातील पुणे, दौंड, अहमदनगर, कोपरगाव, मनमाड, भुसावळ, वर्धा, नागपूर आणि गोंदिया तसेच मध्यप्रदेशातील बालाघाट,नैनपुर, जबलपुर, कटनी, सतना ,रीवा ही शहरे परस्पर जोडली जातील ही ट्रेन आरक्षित आणि अनारक्षित प्रवाशांच्या गरजा लक्षात घेऊन सुरू करण्यात येत आहे आणि वरील शहरांमध्ये किंवा आसपास राहणा?या/काम करणा?या नागरिकांना त्यांच्या मूळ गावी किंवा कामाच्या ठिकाणी प्रवास करण्यासाठी मोठ्या प्रमाणात लाभदायक ठरेल.

ट्रेनमुळे नियमित प्रवास करणारे व्यावसायिक, विद्यार्थी, नोकरदार तसेच सुट्टीमध्ये प्रवासाला जाणारे प्रवासी यांच्यासाठीही उपयुक्त ठरेल.

यामुळे पर्यटन आणि तीर्थयात्रेला चालना मिळेल तसेच व्यापार आणि उद्योगासाठी नव्या संधी निर्माण होतील.

रिवा-पुणे एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष ट्रेनला माननीय केंद्रीय रेल्वे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ३ ऑगस्ट २०२५ रोजी इतर मान्यवरांच्या उपस्थितीत हिरवा झेंडा दाखवतील*

ट्रेनच्या नियमित सेवेबाबतचे तपशील पुढीलप्रमाणे आहेतः

ट्रेन क्र. 20151 पुणेझरिवा एक्सप्रेस दर गुरुवारी १५.१५ वाजता पुणे स्थानकातून प्रस्थान करेल आणि दुस?या दिवशी १७.३० वाजता रिवा स्थानकावर पोहोचेल.

ट्रेन क्र. 20152 रिवाझपुणे एक्सप्रेस दर बुधवारी ०६.४५ वाजता रिवा स्थानकातून प्रस्थान करेल आणि दुसृया दिवशी ०९.४५ वाजता पुणे स्थानकावर पोहोचेल.

थांबे झ दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाव, मनमाड, भुसावळ, वर्धा, नागपूर, गोंदिया, बालाघाट, नैनपूर, जबलपूर, कटनी आणि सतना.

# अकोला स्टेशन पर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक तथा मुंशी प्रेमचंद जयंती का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अकोला रेलवे स्टेशन पर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन सहायक मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, श्री धनंजय कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यालय से उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. विभावरी गोरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में स्टेशन प्रबंधक श्री संतोष डी. कवड़े, सदस्य सचिव श्री निलेश , सभी डेपो प्रभारी, तथा मंडल कार्यालय से वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अनुवादकों ने सहभागिता की। बैठक में स्टेशन पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग की प्रगति की समीक्षा की गई और इसके सशक्त क्रियान्वयन हेतु सुझाव दिए गए। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती भी गरिमामय ढंग से मनाई गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रेमचंद जी के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

# पश्चिम रेलवे वेलांकन्नि त्योहार के लिए बांद्रा टर्मिनस से चलाएगी स्पेशल ट्रेन

**यात्रियों की सुविधा के लिए तथा वेलांकन्नि त्योहार 2025 की पूर्व संध्या पर अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और वेलांकन्नि के बीच एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः-ट्रेन संख्या 09093/09094 बांद्रा टर्मिनस - वेलांकन्नि स्पेशल [4 फेरे]ट्रेन संख्या 09093 बांद्रा टर्मिनस-वेलांकन्नि स्पेशल बुधवार, 27 अगस्त, 2025 और शनिवार, 06 सितंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 20:40 बजे प्रस्थान करेगी और क्रमशः शुक्रवार एवं सोमवार को 07:40 बजे वेलांकन्नि पहुंचेगी।इसी तरह, ट्रेन संख्या 09094 वेलांकन्नि-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शनिवार, 30 अगस्त, 2025 और मंगलवार, 09 सितंबर, 2025 को वेलांकन्नि से 00:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वसई रोड, पनवेल, लोनावला, पुणे, दौंड, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, यादगिर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनि, गुंतकल, गूटी, ताडिपत्रि, यर्रगुंटला, कडप्पा, राजमपेटा, रेणिगुंटा, काटपाडी, वेलूर छावनी, तिरुवण्णामलै, विल्लुपुरम, मयिलाडुतुरै और नागप्पट्टिनम स्टेशनों पर रुकेगी।इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।ट्रेन संख्या 09093 की बुकिंग 03 अगस्त, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और कफउळछ वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।


# पश्चिम रेलवे वेलांकन्नि त्योहार के लिए

## बांद्रा टर्मिनस से चलाएगी स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ात्रियों की सुविधा के लिए तथा वेलांकन्नि त्योहार 2024 की पूर्व संध्या पर अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और वेलांकन्नि के बीच एक सेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः- ट्रेन संख्या 09093/09094 बांद्रा टर्मिनस - वेलांकन्नि स्पेशल [4 फेरे] ट्रेन संख्या 09093 बांद्रा टर्मिनस-वेलांकन्नि स्पेशल बुधवार, 27 अगस्त, 2025 और शनिवार, 06 सितंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 20:40 बजे प्रस्थान करेगी और क्रमशः शुक्रवार एवं सोमवार को 07:40 बजे वेलांकन्नि पहुंचेगी।इसी तरह, ट्रेन संख्या 09094 वेलांकन्नि-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शनिवार, 30 अगस्त, 2025 और मंगलवार, 09 सितंबर, 2025 को वेलांकन्नि से 00:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वसई रोड, पनवेल, लोनावला, पुणे, दौंड, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, यादगिर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनि, गुंतकल, गूटी, ताडिपत्रि, यर्रगुंटला, कडप्पा, राजमपेटा, रेणिगुंटा, काटपाडी, वेलूर छावनी, तिरुवण्णामलै, विल्लुपुरम, मयिलाडुतुरै और नागप्पट्टिनम स्टेशनों पर रुकेगी।इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 09093 की बुकिंग 03 अगस्त, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और कफउळछ वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।


# राष्ट्रीय महामार्ग कंक्रीटीकरण कार्य की जांच की मांग

## सांसद हेमंत सावरा का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सौंपा ज्ञापन

**घोड़बंदर और तलासरी के बीच राष्ट्रीय महामार्ग पर कंक्रीटीकरण की अत्यंत खराब और खतरनाक स्थिति को देखते हुए, सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय महामार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक ज्ञापन सौंपकर उनसे इस संबंध में तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राज्य में मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय महामार्ग के पूरे हिस्से को कंक्रीट से पक्का करने के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। जबकि यह कार्य अपने अंतिम चरण में है, पिछले वर्ष बिछाई गई कंक्रीट सड़क के कुछ हिस्से टूट गए हैं, जिससे उसमें गड्ढे हो गए हैं। मानसून से पहले ही उखड़ चुकी कंक्रीट की सतह पर इपॉक्सी रेजिन और मास्ट्रक डामर की परतें लगाकर सड़क का स्तर बनाए नहीं रखा गया। इससे सड़क पर कई स्थानों पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गए हैं, जिससे यह राष्ट्रीय महामार्ग खतरनाक हो गया है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंक्रीट वाले क्षेत्रों में बड़े-बड़े गड्ढे हैं और मानसून के मौसम के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों चालक, छात्र और नागरिक यात्रा करते हैं। सड़क की यह हालत दुर्घटनाओं का कारण बन रही है और नागरिकों में भारी असंतोष पैदा कर रही है।इस संबंध में सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने घोड़बंदर से तलासरी सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण, सड़क कार्य का तकनीकी ऑडिट और दोषी ठेकेदारों को दंडित करने की मांग की।उन्होंने मांग की कि प्रणालियों के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए तथा नियमित रखरखाव और गड्ढों के निरीक्षण के लिए एक अलग प्रणाली स्थापित की जाए। इसके साथ ही सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने खानिवडे (वसई) और अंबोली (तलासरी) गांवों में राजमार्ग पार करने से उत्पन्न खतरों के कारण एक-एक पैदल यात्री पुल को मंजूरी देने और उसका निर्माण तुरंत शुरू करने की भी मांग की है।इन मांगों पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए नितिन गडकरी ने इन्हें स्वीकार कर लिया है और कहा है कि जल्द ही इन पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। यदि अनुरोधित कार्य पूरा हो जाता है, तो स्थानीय नागरिकों, स्कूली छात्रों और बुजुर्गों के लिए यात्रा सुरक्षित हो जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय महामार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या में भी अस्थायी रूप से कमी आएगी।

## मुंबई लोकल ट्रेन-मालेगांव ब्लास्ट में किसने बनाए झूठे सबूत, ओवैसी के पार्टी के नेता इम्तियाज जलील की कोर्ट से बड़ी मांग

मुंबईः महाराष्ट्र के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में 17 साल बाद एनआईए कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। एनआईए कोर्ट के जस्टिस ए के लाहोटी ने भगवा आतंकवाद की थ्योरी को खारिज कर दिया। उन्होंने अपने फैसले में टिप्पणी की है कि आतंक को कोई रंग नहीं होता है। सितंबर, 2008 के इस मामले में प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल पुरोहित समेत सात लोग आरोपी थे।


पशिचम रेलवे

विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है. **अ.क्र. : 1. निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/167, दि. 28.07.2025. कार्य तथा स्थान** : चर्चगेट – विरार अनुभाग : मौजूदा क्वार्टर के बदले में नये 30 यूनिट्स टाइप-II क्वार्टर्स का निर्माण. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 8,53,19,585.01. **ईएमडी** : रु. 5,76,600/-. **अ.क्र. : 2. निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/168, दि. 28.07.2025. कार्य एवं स्थान** : मुंबई सेंट्रल – जगजीवनराम अस्पताल – दो वर्षों अर्थात 730 दिनों की अवधि हेतु आउटसोर्सिंग के जरिए दैनिक आधार पर जगजीवनराम अस्पताल कैम्पस में स्टाफ क्वार्टर्स तथा जगजीवनराम अस्पताल हेतु आकस्मिक देखभाल अनुबंध. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,12,77,044.28. **ईएमडी** : रु.2,06,400/- , **दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि एवं समय** : 22.08.2025, 15.00 बजे तक. **दोनों निविदाएं खुलने की तिथि एवं समय** : 22.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. **0448**

Like us on : facebook.com/WesternRly



# पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ ओखा एवं सांगानेर के बीच दो विशेष गाड़ियों का संचालन

| गाड़ी संख्या | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09077 | बांद्रा टर्मिनस-ओखा | 14.08.2025 तथा 17.08.2025 | 21.20 बजे (गुरुवार और रविवार) | 16.45 बजे (अगले दिन) |
| 09078 | ओखा – बांद्रा टर्मिनस | 16.08.2025 एवं 19.08.2025 | 08.20 बजे (शनिवार एवं मंगलवार) | 04.00 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, नाडियाद, अहमदाबाद, वीरमगाम, सुरेंद्रनगर, वांकानेर, राजकोट, जामनगर तथा द्वारका स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 2–टीयर, एसी 3–टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस | | | | |
| 09023 | बांद्रा टर्मिनस – सांगानेर (सुपरफास्ट) | 07.08.2025 तथा 14.08.2025 | 16.45 बजे (गुरुवार) | 12.30 बजे (अगले दिन) |
| 09024 | सांगानेर – बांद्रा टर्मिनस (सुपरफास्ट) | 08.08.2025 तथा 15.08.2025 | 16.50 बजे (शुक्रवार) | 11.15 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, चौमहला, शामगढ, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 2 – टीयर, एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 09077, 09078 तथा 09023 के लिए बुकिंग 03.08.2025 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाड़ियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

## डॉ श्रीकृष्णनाथ पांचाल ने आज ठाणे जिलाधिकारी का पदभार संभाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,डा श्रीकृष्णनाथ पांचाल ने आज ठाणे के नए जिलाधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है इन्होंने आज सेवानिवृत्त हुए जिलाधिकारी अशोक शिनगारे से चार्ज लिया है इसके पहले वे जलना के जिलाधिकारी पद पर थे।डॉ पांचाल ने यवतमाल में अपने कार्यकाल के दौरान, यवतमाल जिला परिषद में वर्ष 2020-21 में यशवंतराव चव्हाण पंचायत राज पुरस्कार का राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार जीता। कोविड काल में मिशन कायाकल्प का क्रियान्वयन किया गया और आरएच, पीएचसी, उपकेंद्रों में सुधार किए इसके बाद, जालना जिले में मराठा आरक्षण आंदोलन के अनुरूप, राज्य सरकार और आंदोलनकारियों ने एक-दूसरे के साथ समन्वय और संवाद स्थापित करके आंदोलन काल को संवेदनशीलता से संभाला।मुख्यमंत्री के 100 दिन कार्यक्रम में जालना जिले का चयन संभाग स्तर पर किया गया। साथ ही, जालना जिले में रेशम, कृषि प्रसंस्करण, कौशल विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुआ है

## रेल दुर्घनाओं में मृतक के परिजनों और घायलों की सहायता के लिए ठोस उपाय योजना लागू करने की रेलवे बोर्ड से मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , रेल दुर्घटनाओं होने वाली मृत्यु रोकने एवं पीड़ित परिवारों को आधार देने के लिए रेल प्रशासन से ठोस उपाय योजना बनाने की मांग ठाणे जिला रेल पैसेंजर्स वेलफेयर असोसिएशन ने की है . असोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने रेलवे बोर्ड को लिखे अपने पत्र में रेलवे दुर्घटनाओं मरने वालों की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि एक युद्ध में मरने वालों की संख्या के करीब रेल दुर्घटनाओं में मृत्यु होती है . इन दुर्घटनाओं बड़ी संख्या में लोग घायल होते हैं , पीड़ित परिवारों को आधार देने के लिए ठोस उपाय योजना लागू करने का निर्णय लेने की आश्यकता है .

ठाणे जिला रेल पैसेंजर्स वेलफेयर असोसिएशन गत 40 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत है .एसोसिएशन के अध्यक्ष शर्मा ने कहा है कि मुंबई उपनगरीय सेल सेवा मुंबई की जीवन रेखा मानी जाती है . यात्रियों को समय से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के साथ ही भारतीय रेलवे के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देते है .वहीं रेल से होने वाली दुर्घटनाओं को देखे तो मरने वालों का आंकड़ा चिंतित करने वाला है . रेलवे से मिले आंकड़े के अनुसार मध्य रेलवे से होने वाली विविध दुर्घटनाओं में वर्ष 2024 के दौरान 1533 लोगों की मृत्यु और 1655 लोग घायल हुए थे . इसी तरह एक दशक के आंकड़ों का अनुमान लगाने पर अकेले मध्य रेलवे की दुर्घटनाओं में करीब 15000 मृत्यु और 16000 घायल होने की संख्या पहुँचती है . इसमें पश्चिम रेलवे के आंकड़े जोड़ दें तो चिंताजनक आंकड़े सामने आयेंगे . पश्चिम रेलवे में चर्चगेट से दहानू के बीच दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है दुर्घटनाओं में मृतक और घायलों के हजारों परिवार संकट में आ जाते हैं .

असोसिएशन के अध्यक्ष शर्मा ने कहा है कि हम ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण में मुआवजा देने में दावा न्याय प्राधिकरण की भूमिका को स्वीकार करते हैं लेकिन यह स्पष्ट है कि मुआवजे की राशि बेहद अपर्याप्त है .इसके आलावा भुगतान में लंबी देरी के कारन पीड़ित परिवारों तक सहायता राशि पहुँचने तक अप्रभावी हो जाती है . जिससे पीड़ित परिवारों को प्रायः भारी भावनात्मक और आर्थिक कठिनाई क सामना करना पड़ता हैं . मृतकों के निकटम रिश्तेदारों को रेलवे में नौकरी या स्टॉल दिया जाए। रेलवे बोर्ड प्रायः प्रभावित परिवारों को सहायता देने की प्रतिबद्धता दोहराता रहा है . जिसे देखते हुए हम रेलवे बोर्ड से शीघ्र ठोस उपाय योजना क्रियान्वित करने की मांग करते हुए कुछ सुझाव दिए हैं .

इसमें वास्तविक यात्री की मृत्यु होने पर निकटतम परिजनों को रोजगार , घायलों को स्टाल या अन्य आजीविका के अवसर देने , सहायता राशि में वृद्धि और राशि मुहैया कराने में गतिशीलता लाने जैसे ठोस उपाय योजना क्रियान्वित कर पीड़ित परिवारों को आधार दिया जा सकता है .

फास्ट ट्रैक

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

### कलान में लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला, 6 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती



शाहजहांपुर, कलान थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्ला नगर मिलकिया में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। बुधवार को आराम सिंह यादव और सुनील कुमार यादव के पक्षों के बीच लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर, कुल्हाड़ी और फावड़े से हमला हुआ। इस घटना में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हुए। एक पक्ष से आराम सिंह, मुनेश कुमार और आशीष कुमार घायल हुए। दूसरे पक्ष से सुशील कुमार यादव उर्फ पिंकू यादव, सुनील कुमार और अनिल यादव घायल हो गए। चरन सिंह ने बताया कि उनका चचेरा भाई आशीष अपनी भूमि पर निर्माण कार्य करा रहा था। तभी यह झगड़ा शुरू हो गया। किसी ने इस घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाप कराकर खूंटे भी लगवा दिए थे। इसके बावजूद भूमि विवाद हो गया। घायलों में से आराम सिंह, मुनेश कुमार और आशीष कुमार को जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया है। दूसरे पक्ष के सुशील कुमार उर्फ पिंकू और सुनील कुमार को बदायूं जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जन सुरक्षा अधिनियम के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय के सामने काली पट्टी बांधकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे ,शहरी नक्सलवाद के नाम पर राज्य सरकार ने जन सुरक्षा अधिनियम को बहुमत से पारित कर दिया है। इस अधिनियम के प्रावधान लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध हैं, जिससे आम नागरिकों की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों का हनन होगा।इसके विरोध में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ठाणे कांग्रेस ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान जिलाधिकारी को इस अधिनियम को वापस लेने की मांग का एक ज्ञापन भी दिया गया।

सरकार ने विधानमंडल में चर्चा से बचते हुए, केवल बहुमत के आधार पर इस अधिनियम को पारित किया है।इस अधिनियम के अनुसार, सरकार के पास किसी भी सामाजिक आंदोलन को राष्ट्रविरोधी घोषित करने और उसके कार्यकताओं को जेल में डालने का अधिकार है।ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने संभावना जताई कि सरकार इस अधिनियम का इस्तेमाल सामाजिक आंदोलनों का गला घोंटने के लिए करेगी।उन्होंने कहा कि यह कानून लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुठाराघात और सामाजिक आंदोलनों पर गला घोंटने वाला है और हम सरकार की इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देंगे।इस अवसर पर ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले, भालचंद्र महादिक, महेंद्र म्हात्रे, हिंदूराव गलवे, निशिकांत कोली, रमेश इंदिसे, रवींद्र कोली, स्मिता वैती, शिल्पा सोनोने, शीतल आहेर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पातलीपाड़ा मनपा स्कूल के लिए भव्य इमारत के लिए मनोहर डुंबरे का प्रयास

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,पातलीपाड़ा मनपा स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 1400 तक पहुँच जाने के बाद, पूर्व नगर सेवक मनोहर डुंबरे ने पुराने जर्जर स्कूल के स्थान पर एक नए विशाल भवन के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन सौंपने के बाद मनपा को सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार, मनपा के दो अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।इस संबंध में राज्य सरकार को एक रिपोर्ट भेजी जाएगी।पातलीपाड़ा स्थित मनपा के मराठी स्कूल में पहली से दसवीं तक की कक्षाएं शुरू हो गई हैं और विद्यार्थियों की संख्या 1400 तक पहुँच गई है।इस स्कूल का भवन पुराना हो गया है और कक्षाएँ भी अपर्याप्त होती जा रही हैं।कई बार दो कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक ही कमरे में पढ़ना पड़ता है।इस पृष्ठभूमि में,मनपा में भाजपा के पूर्व नगर सेवक मनोहर डुंबरे ने स्कूल के लिए एक विशाल भवन के निर्माण की पहल की है।पातलीपाड़ा में एक सुविधा भूखंड उपलब्ध है।भाजपा विधायक निरंजन डावखरे के माध्यम से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इस भूखंड पर एक मनपा स्कूल बनाया जाए।इस स्थान पर एक स्कूल भवन के निर्माण को मंजूरी देने की भी जोरदार मांग की गई।

इस मांग पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश के बाद, मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपा उपायुक्त (शिक्षा) संदीप सांगले और शहर अभियंता प्रशांत सोनागरा को स्थल का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया।तदनुसार, इस सर्वेक्षण के दौरान, मनोहर डुंबरे ने अधिकारियों के ध्यान में एक स्कूल भवन की आवश्यकता सामने लाई। ये अधिकारी मनपा आयुक्त सौरभ राव को एक रिपोर्ट सौंपेंगे।जिसके बाद इसे राज्य सरकार को भेजा जाएगा। पूर्व नगर सेवक मनोहर डुंबरे ने विश्वास व्यक्त किया कि पातलीपाड़ा में एक मनपा स्कूल भवन के निर्माण की मंजूरी के साथ, छात्र जल्द ही नए भवन में पढ़ाई कर सकेंगे।

## तीन बच्चों की हत्यारोपी मां को आजीवन कारावास

### मिर्जापुर में महिला ने पारिवारिक विवाद में कुएं में फेंके थे, 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया



मिर्जापुर, मिर्जापुर में अपने तीन बच्चों को कुएं में फेंककर मौत के घाट उतारने वाली महिला को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश शबीह जेहरा ने दोषी चंदा देवी पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न चुकाने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। घटना संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव की है।श्यामधर पुत्र लौधर कोल ने 3 जून 2023 को थाने में मामला दर्ज कराया था।पारिवारिक विवाद के चलते चंदा देवी ने 3 जून की देर रात अपने तीनों बच्चों को सोते समय कुएं में फेंक दिया था। इस दर्दनाक घटना में आकाश (8 वर्ष), कीर्ति (2 वर्ष) और अन्नू (1 वर्ष) की मौत हो गई थी।दो बच्चों के शव उसी रात मिल गए थे, जबकि एक बच्चे का शव अगली सुबह निकाला गया था।बच्चों को कुएं में फेंकने के बाद चंदा ने अपने कमरे में आग लगा दी थी। आग फैलने और अपनी मौत नजदीक देखकर उसने कमरे से बाहर आकर शोर मचाया था।परिजन जब आग बुझाने में लगे थे, तब चंदा दूर खड़ी होकर कुएं की ओर देख रही थी।

## सुरेन्द्र उपाध्याय और संतोष तिवारी ने हजारों लोगों को वितरित किए छाता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,स्वर्गीय देवी प्रसाद उपाध्याय की पाँचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र के राष्ट्रीय सचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उपाध्याय और हिंदी भाषी प्रकोष्ठ के ठाणे ज़िला अध्यक्ष संतोष तिवारी ने छाता वितरण योजना शुरू की है। उन्होंने हजारों नागरिकों को निःशुल्क छाया वितरित किया। कई चरणों छाया वितरण का हजारों लोगों को लाभ मिला है।गुरुवार को स्वर्गीय देवी प्रसाद उपाध्याय की पाँचवीं पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर उनकी स्मृति में, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उपाध्याय और हिंदी भाषी प्रकोष्ठ के ठाणे ज़िला अध्यक्ष संतोष तिवारी ने छाता वितरित कर रहे हैं। हर साल वे गरीब नागरिकों को खाद्यान्न और चिकित्सा उपकरण वितरित करते रहे हैं। इसी कड़ी में आज पांचपाखड़ी स्थित हेरिटेज मोटर्स में छाता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को छाता वितरण पहल का उद्घाटन डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने किया। इसके बाद आज राकांपा-शरद चंद्र पवार पार्टी, ठाणे शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, प्रदेश प्रवक्ता रचना वैद्य, मकसूद शेख की उपस्थिति में छाता वितरित किए गए। पांचपाखड़ी, चंदनवाड़ी परिसर के लगभग 120 नागरिकों ने छाता वितरण का लाभ उठाया। इस अवसर पर सुरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मेरे पिता देवी प्रसाद उपाध्याय ने हमें हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों के साथ सहनशीलता की शिक्षा दी। इसीलिए हम छाता वितरण कर रहे हैं।बताया गया कि हमारी पहल मानसून तक जारी रहेगी। संतोष तिवारी ने कहा कि हमारी पहल सिर्फ.एक क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे शहर में लागू की जाएगी।इस पहल में सुहास देसाई, रचना वैद्य जैसे अनेक लोग उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

### गले में रस्सी के निशान मिले, चचेरे भाई ने अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, राजगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम सभा रैकरा में एक 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान बाबूनंदन पुत्र दिना आदिवासी के रूप में हुई है। घटना के अनुसार, बाबूनंदन को उसके चचेरे भाई रवि पुत्र कल्लू आदिवासी द्वारा मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया था।वहां सीएचसी अधीक्षक डॉ. राधेश्याम वर्मा ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया।डॉ. वर्मा ने बताया कि बाबूनंदन के गले में रस्सी के निशान पाए गए हैं।इस संबंध में राजगढ़ थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने कहा है कि मौत का कारण अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर कोई अन्य कारण है।परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

## पहले तवे से वार फिर गला रेतकर पत्नी की हत्या

### मिर्जापुर में परिवारिक विवाद में पति ने दिया वारदात को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, देहात कोतवाली क्षेत्र के खजूरी गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। रोहित विश्वकर्मा ने अपनी पत्नी रूपा विश्वकर्मा (29) को फोन पर बात करते देखा तो अपना आपा खो दिया। गुस्से में आकर रोहित ने पहले रूपा के सिर पर तवे से वार कर दिया फिर इतना ही नहीं फिर तवे से गला रेतकर हत्या कर दी। मृतका का पति रोहित विश्वकर्मा कई वर्ष से जयपुर में नौकरी करता है और एक हफ्ता पहले गुजरात से वापस घर आया था।रोहित को शक था कि उसकी गैर मौजूदगी में पत्नी का किसी से संबंध था।बुधवार को रोहित घर से बाहर गया था, वापस आने पर उसने रूपा को फोन पर बात किसी और से बात करते रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों के बीच काफी देर तक बहस चली। गुस्से में आकर रोहित ने रूपा पर तवे से सर पर हमला कर दिया इतना ही नहीं रोहित ने फिर तवे से रूपा का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी।घटना के समय दंपत्ति के दोनों बच्चे घर पर मौजूद थे और मां पर जुर्म होता देख बच्चे रोते- बिलखते रहे। सूचना पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसपी सिटी नितेश सिंह, सीओ सदर अमर बहादुर, देहात कोतवाल सदानंद सिंह पहुंचे।जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति रोहित को गिरफ्तार कर लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी सिटी निलेश सिंह के अनुसार, आरोपी रोहित किसी निजी संस्था में काम करता है। मृतका रूपा गृहिणी थी और घर पर रहकर अपने दोनों बच्चों की देखभाल करती थी। पुलिस ने बताया कि यह हत्या पारिवारिक विवाद के कारण हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोलापुर के राजभाषा विभाग में मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती मनाई गई



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोलापुर के राजभाषा विभाग में उपन्यास सम्राट एवं प्रसिद्ध कहानीकार मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर श्री एस. एल. खोत, एपीओ एवं संपर्क राजभाषा अधिकारी जी ने मुंशी प्रेमचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने मुंशी जी को याद करते हुए उनकी कहानियों एवं उपन्यासों के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि प्रेमचंद जी के उपन्यासों एवं कहानियों में एक आम भारतीय की कहानी देखने को मिलती है।उनकी कहानियों में ग्रामीण जीवन का जितना सुंदर और मार्मिक चित्रण किया गया है, वो अद्वितीय है।उन्होंने मुंशी जी की रचना गोदान, गबन, पूस की रात, दो बैलों की कथा, और कफन के कथानक के बारे में संक्षेप में उल्लेख भी किया।इस अवसर पर वरिष्ठ अनुवादक श्री राजीव वलिवकर जी ने अपना काव्यपाठ प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।इस आयोजन मे अन्य विभागों के रेलकर्मी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थें, जिन्होंने प्रेमचंद जी के जीवन और साहित्य सृजन पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। मंडल के राजभाषा विभाग के कर्मचारी श्री शिव साहब यादव, कनिष्ठ अनुवादक एवं किरण माने, कार्यालय सहायक ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना अमूल्य योगदान दिया।

## व्यापारियों ने नगर निगम कार्यालय का किया घेराव

### शाहजहांपुर में सीवर टैक्स और हाउस टैक्स समेत सात मुद्दों पर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियों और जनता की समस्याओं को लेकर नगर निगम कार्यालय का घेराव किया।उन्होंने नगर आयुक्त को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन अख्तर ने बताया कि जीआई के सर्वे मनमाने तरीके से किए गए हैं।इस सर्वे के आधार पर अनाप-शनाप हाउस टैक्स बढ़ाया जा रहा है।उनकी मांग है कि जीआई सर्वे के अनुसार बनाए गए बिलों को तत्काल निरस्त किया जाए।व्यापारियों की प्रमुख मांगों में पुरानी व्यवस्था के अनुसार बिलों को मान्यता देना शामिल है। यह व्यवस्था सभी महानगर, नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में लागू की जाए। कामर्शियल और औद्योगिक हाउस टैक्स लागू करते हुए डेप्रीसिएशन का लाभ दिया जाए। व्यापारियों ने मांग की है कि जहां सीवर लाइन नहीं है, उस क्षेत्र में सीवर टैक्स न लगाया जाए।महानगर, नगर निगम, नगरपालिका और पंचायतों में गृह कर के साथ जलकर की वसूली भी की जा रही है, लेकिन बाजारों में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है।अन्य मांगों में बाजारों में वाटर लगाकर उसके बेहतर रख-रखाव, बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान और कूड़ा निस्तारण शामिल है।नाले, नालियों, गली, सड़क, खड़ंजे व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बदतर स्थिति में है, जिसे ठीक कराने की मांग की गई है। व्यापारियों ने अतिक्रमण और जाम की समस्या को खत्म करने के लिए स्ट्रीट वेंडर अधिनियम 2014 को लागू करने की भी मांग की है।

साथ ही आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग भी रखी गई है।नगर आयुक्त ने व्यापारियों की समस्याओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अभ्युदय कोचिंग में मिलेगी निशुल्क शिक्षा

### शाहजहांपुर में डीएम ने किया उद्घाटन, छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ हो गया है।जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जीएफ कॉलेज में फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। यह कोचिंग सत्र 2025-26 के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इस कोचिंग में यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।सभी कक्षाएं पूरी तरह निःशुल्क होंगी।डीएम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।उन्होंने कहा कि सफलता सिर्फ कोचिंग पर निर्भर नहीं करती। मेहनत और सही रणनीति के साथ की गई पढ़ाई ज्यादा महत्वपूर्ण है।उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि पढ़ाई का टाइम टेबल बनाएं और सिलेबस के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें। डीएम ने एक खास सुझाव दिया कि पढ़े गए विषयों को 48 से 72 घंटे के अंदर दोबारा पढ़ें।इससे विषय दिमाग में लंबे समय तक याद रहता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि पहले दिन से ही पूरे मनोयोग से अध्ययन शुरू करें। जिलाधिकारी ने हाइब्रिड मोड में कोचिंग की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इससे जो छात्र कक्षा में नहीं आ पाते, वे ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ सकेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर सप्ताह एक अधिकारी कोचिंग में आकर छात्रों का मार्गदर्शन करेगा। डीएम ने स्पष्ट किया कि जो विद्यार्थी दृढ़ संकल्प लेकर मेहनत करेगा, उसे सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिका ने पाकिस्तान से ऑयल डील की

## तेल खोजने और निकालने में मदद करेगा, ट्रम्प बोले- क्या पता एक दिन पाक भारत को तेल बेचे

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ ऑयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे।

साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितंबर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था।

पाकिस्तानी मीडिया हाउस डॉन के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई।

कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल



वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। अगर रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने तेल और गैस भंडार मिलने को देश की 'ब्लू वाटर इकोनॉमी' के लिए अच्छा बताया है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और सामुद्रिक नीति (मैरीटाइम पॉलिसी) के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनॉमी कहलाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी- भारत, रूस से हथियार और ऑयल खरीद रहा है, इसलिए उस पर जुमार्ना भी लगाएंगे। ट्रम्प ने एक और पोस्ट में कहा कि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, इसलिए वे भारतीय सामानों पर टैरिफ लगा रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसलों पर भारत सरकार ने कहा है कि इस फैसले के असर को समझ रही है और देश के हितों को बचाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया है।

पाकिस्तान का कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की। पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक बयान के मुताबिक, ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्ष विराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर पावर वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई।

# 6 भारतीय कंपनियों पर ट्रम्प ने बैन लगाया

## कहा- ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया; ईरान बोला- अमेरिका इकोनॉमी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हॉन्गकॉन्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की। मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और




आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। ये प्रतिबंध ईरान पर अमेरिका की मैक्सिमम प्रेशर की नीति का हिस्सा हैं। अमेरिका का दावा है कि ईरान अपने तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री से जो आमदनी करता है, उसका इस्तेमाल मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में करता है। अमेरिका ने कहा है कि प्रतिबंधों का मकसद सजा देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है। प्रतिबंधित कंपनियां अगर चाहें, तो अमेरिकी ट्रेजरी विभाग से प्रतिबंध हटाने की अर्जी दे सकती हैं। इस कार्रवाई में भारत के अलावा तुर्की, चीन, यूएई और इंडोनेशिया की कुछ कंपनियों को भी निशाना बनाया गया है। अमेरिका के मुताबिक, ये कंपनियां ईरान के तेल व्यापार में सहयोग कर रही थीं। इन कंपनियों की अमेरिका में मौजूद सभी संपत्तियों और अमेरिकी नागरिकों/कंपनियों के साथ इनके लेनदेन को तुरंत फ्रीज कर दिया गया है। कोई अमेरिकी व्यक्ति या कंपनी इन प्रतिबंधित कंपनियों के साथ व्यापार नहीं कर सकती। इसके अलावा इन कंपनियों की जिन दूसरी कंपनियों में हिस्सेदारी 50% से अधिक है, वे भी इन प्रतिबंधों के दायरे में आ जाएंगी। अमेरिका ने इस साल दूसरी बार भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं।


इससे पहले इस साल फरवरी में भी उसने भारत की 4 कंपनियों को बैन किया था। इन कंपनियों पर भी ईरानी पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की बिक्री और ट्रांसपोर्ट में मध्यस्थता का आरोप लगाया था। अमेरिका के मुताबिक इन कंपनियों की मदद से ईरान के ऑयल एक्सपोर्ट को अवैध शिपिंग नेटवर्क के जरिए अंजाम दिया जाता है।

# फ्रांस-ब्रिटेन के बाद कनाडा भी फिलिस्तीन को मान्यता देगा

## प्रधानमंत्री कार्नी ने ऐलान किया; सितंबर में यूएन में औपचारिक घोषणा होगी

एजेंसी

ओटावा, कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितंबर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है। गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजराइल पर लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। कार्नी ने कहा कि उन्होंने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से सीधे बात की है और इन शर्तों पर सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ अपराध जैसा है। उन्होंने इजराइल पर आरोप लगाया कि वह अंतरराष्ट्रीय संगठनों को राहत सामग्री देने नहीं दे रहा, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 89 बच्चों सहित 154 लोगों की मौत भुखमरी से हुई है। हजारों लोग



बेघर हो चुके हैं। कनाडा ने फिलिस्तीनी अथॉरिटी को 63 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया है। इससे भविष्य में राज्य का ढांचा तैयार किया जाएगा। साथ ही, कनाडा ने 190 करोड़ रुपए की मानवीय सहायता देने की घोषणा की है। इस प्रक्रिया में कनाडा, जॉर्डन और अन्य क्षेत्रीय देशों की मदद ले रहा है, ताकि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचे। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि यह फैसला गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की रिहाई की कोशिशों को नुकसान पहुंचाएगा। कनाडा की विपक्षी, कंजरवेटिव पार्टी ने भी इस फैसले की आलोचना की। उसने कहा कि यह कदम 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमलों के बाद गलत संदेश देता है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में इजराइल का खुलकर समर्थन किया था। मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी में भी इस मुद्दे पर मतभेद रहे हैं। कुछ सांसद इजराइल का समर्थन करते हैं, तो कुछ फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग कर रहे थे। हाल ही में 200 से अधिक पूर्व कनाडाई राजनयिकों और राजदूतों ने एक पत्र में सरकार से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की थी। फ्रांस और ब्रिटेन और पहले मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं। ब्रिटेन ने हालांकि ब्रिटेन ने इजराइल के सामने शर्त रखते हुए फिलिस्तीन को मान्यता देने की बात कही है। ब्रिटेन ने कहा है कि अगर इजराइल हमास के साथ सीजफायर के लिए सहमत नहीं होता है तो वह सितंबर में फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता दे देगा। दूसरी तरफ फ्रांस ने बिना किसी शर्त फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है। यह ऐलान सितंबर में संयुक्त राष्ट्र की महासभा के अधिवेशन के दौरान किया जाएगा। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मिलोनी ने 26 जुलाई को यूरोप में फिलिस्तीन को देश के तौर पर मान्यता देने की बढ़ती मांग का विरोध किया था और इसे गलत कदम बताया था।

# ऑस्ट्रेलिया में यूट्यूब अकाउंट के लिए 16 साल उम्र जरूरी

## 10 दिसंबर से लागू होगा नियम; पिछले साल सोशल मीडिया इस्तेमाल पर कानून बना था

एजेंसी

कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चे 10 दिसंबर से यूट्यूब पर अकाउंट नहीं बना पाएंगे। हालांकि, ये यूट्यूब का इस्तेमाल कर सकेंगे यानी यूट्यूब पर वीडियो देख सकेंगे। ऑस्ट्रेलिया के संचार मंत्री अनीका वेल्स ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करने का बिल संसद से पास किया था। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैप




चैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स शामिल थे। तब यूट्यूब को इस कानून से छूट दी गई थी। ऑस्ट्रेलिया ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश है। इस कानून में माता-पिता की सहमति या पहले से मौजूद खातों के लिए कोई छूट नहीं दी गई है। प्लेटफॉर्म के पास प्रतिबंध को लागू करने के तरीके पर काम करने के लिए कानून बनने के बाद से एक साल का वक्त है। गेमिंग और मैसेजिंग ऐप्स पर बैन नहीं यह जिम्मेदारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की होगी कि इस उम्र के बच्चे प्लेटफॉर्म पर अकाउंट न बना पाएं। ऐसा न करने पर प्लेटफॉर्म्स पर 5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी करीब 282.34 करोड़ रुपए तक का जुमार्ना लग सकता है। हालांकि, प्लेटफॉर्म यूजर्स को अपनी उम्र साबित करने के लिए पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज अपलोड नहीं करने होंगे। ऑनलाइन गेमिंग, मैसेजिंग, एजुकेशन और हेल्थ ऐप्स को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। इन्हें बच्चों के लिए कम हानिकारक माना गया है। यूट्यूब बोला- हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं यूट्यूब ने कहा- हम ऑनलाइन नुकसान को कम करने और रोकने के सरकार के लक्ष्य को साझा करते हैं। हमारा रुख साफ है कि यूट्यूब एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म है। इसमें फ्री, हाई-क्वालिटी कंटेंट का कलेक्शन है। इसे टीवी पर भी देखा जा रहा है।

# राज्यसभा में गूंजा एसआईआर का मुद्दा

## विपक्ष का संसद के अंदर से लेकर बाहर तक विरोध प्रदर्शन




एजेंसी

इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा नीत केंद्र पर अनियमितताएं बरतने और निशाना बनाने का आरोप लगाया। परिसर में प्रदर्शन करने के बाद बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा की बैठक शुरू होने के पंद्रह मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में हंगामे की वजह से आज भी शून्यकाल नहीं हो पाया। दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए।

**परिसर में प्रदर्शन करने के बाद बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा की बैठक शुरू होने के पंद्रह मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक स्थगित कर दी गई।**

इसके बाद उपसभापति ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को जीएसएलवी रॉकेट से निसार उपग्रह को कक्षा में स्थापित किये जाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि निसार पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह इसरो और नासा के बीच रणनीतिक सहयोग के तहत किया गया है।

# कहीं ऐसा तो नहीं कि खबरें दबाने के लिए...

## मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए कोर्ट के फैसले पर बोले अखिलेश

**अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भारत को चीन से भी खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी देश हमारी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा। भारत को चीन से भी बड़ा खतरा है। चीन हमारी जमीन और हमारा व्यापार भी छीन रहा है। सरकार को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पूछा कि क्या मालेगांव विस्फोट मामले के आरोपियों को बरी करने की खबर का मकसद अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बड़ी खबर को दबाना है। राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से बात करते हुए, अखिलेश यादव ने कहा, मैंने रिपोर्ट नहीं पढ़ी, लेकिन इतनी बड़ी घटना में शामिल आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए। अमेरिका में इतनी बड़ी घटना हुई, क्या यह खबर उसे दबाने के लिए है? टैरिफ एक बड़ा सवाल है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो बात आप समझ रहे हो वही मैं समझ रहा हूं। जो आप कहना नहीं चाहते वो मैं नहीं कह



रहा। कहीं ऐसा तो नहीं कि खबरें दबाने के लिए खबर आ रही हो?। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भारत को चीन से भी खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी देश हमारी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा। भारत को चीन से भी बड़ा खतरा है।

चीन हमारी जमीन और हमारा व्यापार भी छीन रहा है। सरकार को चीन से सावधान रहने की जरूरत है। मुंबई की एनआईए विशेष अदालत ने आज 2008 के मालेगांव विस्फोटों के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने यह भी कहा कि रूस से तेल खरीदने पर भारत को अतिरिक्त दंड का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुमार्ना लगाने का भी फैसला किया। यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है

जिसने हाल ही में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को ह्यसबसे कठिन और अप्रिय बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर ह्यजुमार्नाह्ल भी देना होगा।

# कांग्रेस की हिंदू आतंकवाद की साजिश ध्वस्त हो गई

एजेंसी

मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की हिंदू आतंकवाद की साजिश ध्वस्त हो गई है। एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं था। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले कर्नल पुरोहित पर आरोप लगाया गया था। प्रज्ञा ठाकुर पर ब्लास्ट में अपनी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। उन्हें इतना प्रताड़ित किया गया कि उसके बाद वह चल नहीं सकती थीं। यह विशुद्ध वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस की साजिश थी।

**मध्य रेल**

मुंबई मंडल

**निविदा सूचना No. CWE/MTN/85255774A/2025 due on 01-09-2025**

निविदा No - 85255774A, निविदा विवरण - [1] ड्राग नं. के अनुसार आंतरिक ब्रैकेट: I C F /SK3/32963250 = 04 संख्याएँ। [2] ड्राग नं. के अनुसार बाहरी ब्रैकेट (RH): ICF/SK3/32963249 = 02 संख्याएँ। [3] ड्राग नं. के अनुसार बाहरी ब्रैकेट (LH): ICF /SK3/32963252 = 02 संख्याएँ। [एक सेट के रूप में 08 संख्याएँ], मात्रा - 350 Set, नियत तारीख - 01-09-2025, राशि - 23035488.

SUN 319 उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.)

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न मरम्मत कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा निम्नलिखित अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| अ. क्र. | निविदा सूचना क्र. एवं दिनांक | कार्य एवं स्थान | कार्य की अनुमानित लागत रु. में | ईएमडी रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/159, दि. 28.07.2025 | सांताक्रूज-विरार :- स्टेशनों और सेवा भवनों को आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भरता को कम करने हेतु बोर वेल प्रदान करना. | 1,12,93,256.52 | 2,06,500/- |
| 2 | बीसीटी/25-26/160, दि. 28.07.2025 | मरीन लाइंस से खार अनुभाग : एडीईएन (डब्ल्यू/एस) – बांद्रा तथा एडीईएन (ईएसटी/एस) – लोअर परेल के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दोषपूर्ण वॉटर मीटर का प्रतिस्थापन | 6,82,055.70 | 13,600/- |
| 3 | बीसीटी/25-26/161, दि. 28.07.2025 | महालक्ष्मी – महालक्ष्मी पश्चिम में नये ट्रैक्शन क्युबिकल के निर्माण के जरिए असुरक्षित ट्रैक्शन क्युबिकल का प्रतिस्थापन (संयुक्त कार्य), (आर-1). | 82,04,029.60 | 1,64,100/- |

उपरोक्त सभी निविदाओं हेतु, जमा करने की तिथि एवं समय : 22.08.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 22.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें.

0444

Like us on : facebook.com/WesternRly Follows us on : twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

**मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) के ऑथराइजेशन हेतु आवेदन का आमंत्रण**

क्र. सी550/17/वाईटीएसके/जुलाई-2025 दिनांक : 29.07.2025

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, कम्प्यूटरीकृत आरक्षित/अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली के जरिए आरक्षित/अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में कम्प्यूटरीकृत पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) सह अनरिजर्व्ड टिकट सिस्टम (यूटीएस) टर्मिनल्स (यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) के तौर पर संबोधित) की स्थापना और संचालन हेतु दो वर्षों के अनुभवी और आईआरसीटीसी द्वारा नियुक्त जेटीबीएस, आरटीएसए, आरटीए और एजेंटों समेत रेलवे द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकटिंग एजेंट तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व्यक्तियों से अंग्रेजी/हिंदी में मुहरबंद आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

इच्छुक आवेदक जो तीन वर्षों की अवधि हेतु समय-समय पर निर्धारित शर्तों की पूर्ति में सक्षम हों, वे आवेदन दस्तावेज के साथ रूपये 1000/- के आवश्यक आवेदन शुल्क संलग्न कर आवेदन करें अन्यथा आवेदन सरसरी तौर पर ही निरस्त कर दिया जाएगा. आवेदन का प्रारूप रेलवे की वेबसाइट wr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है. इंटरनेट से डाउनलोड किए गए आवेदन दस्तावेज का शुल्क, मुंबई में देययोग्य तथा **चीफ कैशियर, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट** के पक्ष में आहरित रूपये 1000/-के डिमांड ड्राफ्ट् के स्वरूप में आवेदन दस्तावेज के साथ संलग्न कर जमा किया जाना चाहिए अन्यथा आवेदन को सरसरी तौर पर ही निरस्त कर दिया जाएगा.

विस्तृत नियम एवं शर्तों युक्त अहस्तांतरणीय आवेदन दस्तावेज, पश्चिम रेलवे, मुंबई मंडल के किसी भी स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय में, निर्दिष्ट अनुसार आवेदन शुल्क के तौर पर रूपये 1000/- का भुगतान कर और मूल मनी रसीद प्रस्तुत कर वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल के कार्यालय से भी खरीदे जा सकते हैं.

**टिप्पणी** : यदि निविदा प्रपत्र रजिस्टर्ड डाक से चाहिए तो प्रति निविदा प्रपत्र रूपये 500/- का अतिरिक्त शुल्क अदा करना होगा. इसके लिए कम से कम 15 दिन पहले अग्रिम तौर पर आवेदन करना होगा.

मुंबई मंडल में **यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके)** की स्थापना हेतु ऑथराइजेशन हेतु आमंत्रित किए गए आवेदन योग्यता मापदंड के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ संलग्न स्वरूप में लिफाफे में जमा किया जाना चाहिए. **लिफाफे पर आवेदक के नाम और पते तथा पिनकोड के साथ ............ स्टेशन के पास यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) हेतु आवेदन प्रपत्र उपरोल्लिखित करना आवश्यक है.** आवेदन वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, तल मंजिल, वाणिज्य विभाग, डीआरएम का कार्यालय, एनेक्स बिल्डिंग, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 के कार्यालय में निम्ननिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर पहुंच जाने चाहिए.

| | |
|---|---|
| आवेदन प्रपत्रों की बिक्री बंद होने की तिथि एवं समय | 02.09.2025 को 12.00 बजे तक |
| आवेदन प्रपत्र की स्वीकृति की तिथि एवं समय | 02.09.2025 को 15.00 बजे तक |
| आवेदन प्रपत्रों के खुलने की तिथि एवं समय | 02.09.2025 को 15.30 बजे तक |

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

0447

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## संक्षेप

### बिजली दरों में 45% बढ़ोतरी पर प्रदर्शन

**सुल्तानपुर में व्यापारियों ने किया विरोध, ऊर्जा मंत्री की टिप्पणी पर जताई नाराजगी**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनीष साहू के नेतृत्व में गुरुवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने प्रदेश में हो रही बिजली कटौती और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित लगभग 45 प्रतिशत बिजली दर वृद्धि का विरोध किया। उन्होंने फिक्स चार्ज को समाप्त करने की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रस्तावित बिजली दरें वर्तमान दरों से लगभग डेढ़ गुना अधिक हो जाएंगी। इससे मध्यम वर्ग और निम्न वर्गीय परिवारों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। गरीबी रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ताओं को 3 रुपए की जगह 4 रुपए प्रति यूनिट देना होगा। व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर की समस्या भी उठाई। उनका कहना है कि ये मीटर 4.5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर महिला समेत चार को पीटा

**सुलतानपुर के गजऊराय का पुरवा में हमला, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया**

सुलतानपुर, कूरेभार थाना क्षेत्र के मीरामानिकपुर ग्राम पंचायत के गजऊराय का पुरवा में बुधवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। गांव निवासी अनिल कुमार के अनुसार, गांव के ही सौरभ यादव अपने सात-आठ साथियों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोप है कि लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से लैस इन लोगों ने गालियां देते हुए अनिल की मां लखपता देवी पर हमला कर दिया। जब अनिल की बहन शालिनी अपनी मां को बचाने दौड़ी, तो उस पर भी हमला कर दिया गया। दोनों जान बचाकर घर के अंदर भागीं, लेकिन हमलावर घर में घुसकर मारपीट करते रहे। अनिल का आरोप है कि दबंगों ने उसे और उसके जीजा को भी पीटा। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कूरेभार थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### किसानों को मिली बड़ी राहत

**नहर से पानी मिलने से धान की खेती के लिए डीजल इंजन की जरूरत खत्म, किसानों ने जताई खुशी**

सुलतानपुर, धनपतगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत सधराभारी में किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें अपने खेतों में सिंचाई के लिए नहर से पर्याप्त पानी मिल रहा है। इससे किसानों को डीजल इंजन चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। नहर से पानी की आपूर्ति शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों का कहना है कि नहर से मिलने वाला पानी धान की फसल के लिए पर्याप्त है। इससे उनकी लागत में कमी आएगी और समय की भी बचत होगी।

# 16 साल के किशोर ने लगाई फांसी

## पिता की डांट से था नाराज, कमरे में बंद होकर दे दी जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, कीडगंज थाना क्षेत्र के खलासी लाइन इलाके में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 16 वर्षीय किशोर का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान राजू यादव के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय रवि यादव का पुत्र था और खलासी लाइन, कीड़गंज में रहता था। परिजनों के अनुसार, पिता ने राजू को पढ़ाई को लेकर डांट लगाई थी। इसके बाद वह बिना कुछ कहे अपने कमरे में चला गया।

जब काफी समय तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा। अंदर राजू फंदे से लटका हुआ था। परिवार के सदस्य तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कीड़गंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दुखद घटना से पूरे परिवार में शोक का माहौल है। मां और अन्य बुजुर्ग परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# तेवरिया खुर्द गांव में दो पक्षों में हिंसक

**लाठी-डंडे से हुई मारपीट का वीडियो वायरल, कई लोग घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, करछना थाना क्षेत्र के तेवरिया खुर्द गांव में दो पक्षों के बीच कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले और मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में लोग एक-दूसरे पर हमला करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह आपसी पारिवारिक विवाद का मामला है। एक पक्ष के युवक ने नशे की हालत में गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसे रोका गया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। सूचना मिलते ही करछना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# टहलने निकले बुजुर्ग को कार ने रौंदा

## मौके पर ही हुई मौत, लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, करेली थाना क्षेत्र में टहलने निकले एक बुजुर्ग की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत हो गई। घटना करेली के करेंहदा मोहल्ले में हुई। 75 वर्षीय देवमन गुप्ता रोज की तरह सुबह साढ़े पांच बजे टहलने निकले थे। घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे। तभी तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि देवमन गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटे अजय कुमार और निरंजन लाल हैं। स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे कार चालक को पकड़ लिया। उन्होंने पुलिस को बुलाकर चालक को सौंप दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। करेली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। करेली इंस्पेक्टर आशीष कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कुएं में गिरे मेमने को बचाते समय युवक की मौत

- **अमेठी में दो भाई कुएं में उतरे, एक की गई जान; दूसरा अस्पताल में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, कमरौली थाना क्षेत्र के पूरे छिटई मजरे सिंदुरवा गांव में एक दुखद घटना घटी। एक बकरी का बच्चा अचानक कुएं में गिर गया। उसे बचाने के लिए फरहान कुएं में उतरा, लेकिन ऑक्सीजन की कमी या जहरीली गैस के कारण वह बेहोश हो गया। यह देखकर उसका 26 वर्षीय बड़ा भाई आमिर भी उसे बचाने कुएं में कूद पड़ा। वह भी बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद दोनों भाइयों को कुएं से बाहर निकाला। दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी जगदीशपुर लाया गया। वहां डॉक्टरों ने आमिर को मृत घोषित कर दिया। फरहान का इलाज अभी जारी है।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजन सदमे में हैं।

# व्यापार मंडल का सम्मान समारोह

## बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष और महासचिव को सम्मानित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह और महासचिव दिनेश दूबे के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभिनंदन समारोह में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय, क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह और जिला प्रभारी प्रवीण भालोठिया उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला अध्यक्ष विजय प्रधान, जिला उपाध्यक्ष गोपाल जी सोनी (सरार्फा व्यापार मंडल के अध्यक्ष), जिला संगठन महामंत्री अमरचंद साहू और जिला कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी भी मौजूद थे। समारोह में नगर अध्यक्ष मनीष कसौधन और नगर युवा अध्यक्ष भोलानाथ सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने नव नियुक्त अध्यक्ष से व्यापारियों के लिए विधिक सेवाओं में सरलता और सहजता लाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि जिस प्रकार देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है, उसी प्रकार देश की न्याय व्यवस्था में विधिक सलाहकारों की भी अहम भूमिका होती है। इसी कारण दोनों संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय आवश्यक है।

# पंखे में करंट उतरने से गर्भवती महिला की मौत

- **सुलतानपुर में बचाने आई ननद भी गंभीर रूप से झुलसी, परिवार में मातम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, जिले में शिवगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कंधईपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। यहां फरार्टा पंखे में करंट उतरने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। उसे बचाने आई ननद भी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के अनुसार, कंधईपुर गांव निवासी जरीना (32) पत्नी यादिली उर्फ गुलमदन ने गर्मी से बचने के लिए फरार्टा पंखा लगाया था। जब उन्होंने पंखे को अपनी तरफ घुमाने के लिए स्पर्श किया, तभी पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गईं। जरीना के चिल्लाने की आवाज सुनकर उनकी ननद राफिया (25) पत्नी गुलरेज मौके पर पहुंची। भाभी को करंट से बचाने के प्रयास में वह भी झुलस गई और बेहोश हो गई। परिजनों ने हल्ला मचाया जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैंया ले जाया गया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने राफिया को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि जरीना को मृत घोषित कर दिया गया। गर्भवती महिला की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# विहिप ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

## लव जिहाद और गौकशी पर कार्रवाई की मांग, एसपी ने दिया आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





अमेठी जिला, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने लव जिहाद और गौकशी के मामलों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी कार्यालय गौरीगंज पहुंचे। जिलाध्यक्ष डॉ. सरिता सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक से मुलाकात की। विहिप कार्यकताओं ने जिले में लव जिहाद और गौकशी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने इन मामलों पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कार्यकताओं को इन मामलों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। विश्व हिंदू परिषद के मंत्री अभिमन्यु कुमार ने बताया कि अमेठी में लव जिहाद के कई मामले सामने आए हैं। इन मामलों में धर्म विशेष युवकों पर लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप है। हाल ही में एक मामला सामने आया था। इसमें एक युवक ने हिंदू लड़की को बहला-फुसलाकर हैदराबाद ले जाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। विहिप का मानना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रुक सकेंगी। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से इन मामलों पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। एसपी ने सभी मामलों की जांच करवाकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# जिला अस्पताल में महिलाओं का विरोध प्रदर्शन

## रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने से नाराज महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं जिला अस्पताल पहुंचीं और हंगामा करते हुए अपना विरोध जताया। मामले की सूचना मिलते ही सीएमओ अंशुमान सिंह मौके पर पहुंचे। महिलाओं ने उन्हें एक पत्र सौंपकर जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने की मांग की। महिलाओं का कहना था कि रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा था। इसी समस्या को लेकर पहले भी महिलाओं ने प्रदर्शन किया था। उस समय अमेठी सीएचसी अधीक्षक आलोक तिवारी को दो दिनों के लिए जिला अस्पताल में तैनात किया गया था। कुछ दिन तक सेवा चली, लेकिन आलोक तिवारी के वापस अमेठी लौटने के बाद अल्ट्रासाउंड सेवा फिर से बंद हो गई। किसान नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में महिलाएं जिला अस्पताल पहुंचीं और विरोध प्रदर्शन किया। सीएमओ से बातचीत के बाद महिलाओं ने ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने की मांग की। रीता सिंह ने कहा कि अमेठी जिले में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन शोपीस बनकर रह गई है और लोगों को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेठी के तिलोई से विधायक मनकेश्वर सदन सिंह प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री हैं, फिर भी अमेठी में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। रीता सिंह ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं की गई तो वे बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगी।

# ठगी पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग

## पीड़ित संगठन ने पीएम समेत अधिकारियों को भेजा ज्ञापन, एजेंट्स के उत्पीड़न का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, फरह स्थित हाईवे किनारे कल्पतरु कार्यालय के समीप ठगी पीड़ितों को न्याय दिलाने और निर्दोष एजेंट्स को बचाने की मांग उठी है। देशभर में बंद की गई पोंजी स्कीम्स और क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटीज से ठगी के शिकार निवेशकों और एजेंट्स की समस्याओं को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार - तपजप संगठन ने कदम उठाया है। संगठन ने प्रधानमंत्री, सभी मुख्यमंत्रियों, मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को एक खुला ज्ञापन भेजकर तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि अनियमित जमा योजनाएं (पाबंदी) अधिनियम-2019 (बड्स एक्ट-2019) के तहत सरकार द्वारा कंपनी संपत्ति जब्ती व भुगतान प्रक्रिया के आदेश जारी किए गए हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर सक्षम अधिकारी इन आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके कारण लाखों निवेशक और एजेंट्स असहाय स्थिति में हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि ऑनलाइन पोर्टल अक्सर बंद रहता है। पूर्व में दिए गए आवेदन लंबित पड़े हैं। सक्षम अधिकारी बड्स एक्ट की धारा 7(3) के तहत जब्ती-नीलामी की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला

**बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मामला दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, इन्हौना थाना क्षेत्र के 14 वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शाहबाज को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी बेटी अपनी दादी को खाना देने जा रही थी। इसी दौरान गांव का ही युवक शाहबाज ने रास्ते में उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। पीड़िता बच्ची का आरोप है कि जब वह अगली सुबह न्याय की मांग लेकर आरोपी के घर पहुंचीं, तो आरोपी पक्ष के लोगों ने उन्हें गालियां दीं और डंडा लेकर उनका पीछा किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार

## पुलिस ने बरामद किए 43 किलो पीतल, इनवर्टर बैटरी और 13 हजार रुपए नकद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, थाना सासनी गेट पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 43 किलो पीतल, इनवर्टर बैटरी और 13 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। एएसपी अलीगढ़ मयंक पाठक ने बताया कि तीन शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल और एक्टिवा भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में आशीष (गांव पड़ियावली, थाना मडराक), पंकज (गांव बपडई, थाना हसायन) और विवेक (पड़ियावली) शामिल हैं। ये तीनों रात में बंद फैक्ट्रियों में घुसकर चोरी करते थे। चोरी का माल खरीदने वालों में चंद्र गुप्ता (नई कॉलोनी, रेलवे पुल के पास, अलीगढ़) और विशु (जयगंज, थाना सासनी गेट) शामिल हैं। ये दोनों चोरी का माल खरीदकर लाभ कमाते थे। पुलिस के अनुसार, इन अभियुक्तों पर पहले से ही लगभग 13 मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी